नई दिल्ली
शनिवार 14 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 302
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




बांग्लादेश में 20 साल बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की जीत, कट्टरपंथी पिछड़े

## आज पीएम पद की शपथ ले सकते हैं तारिक 35 साल बाद कोई पुरुष सत्ता का 'सिरमौर' बनेगा

बीएनपी गठबंधन की 212 सीटों पर जीत, जमात-ए-इस्लामी ने 77 सीटें हासिल कीं

एजेंसी ▶▶ ढाका/नई दिल्ली

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 5 पर

### तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत हासिल की



### क्या यूनुस का सुधार चार्टर होगा लागू?

तारिक रहमान की शानदार जीत के बाद अब डॉ. मोहम्मद यूनुस को अपना पद छोड़ना पड़ेगा। इसके साथ ही बांग्लादेश के नवनिर्माण की नींव को फिर से रखने का एक प्रयास शुरू होगा। यूनुस प्रशासन ने स्पष्ट किया था कि केवल चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि चुनाव के बाद देश को एक सही दिशा देना भी आवश्यक है। इसके लिए, उन्होंने एक विस्तृत सुधार चार्टर तैयार किया है।

## प्रधानमंत्री ने घुमाया तारिक रहमान को फोन, शानदार चुनावी जीत की दी बधाई

**बोले, एक लोकतांत्रिक और समावेशी बांग्लादेश के लिए जारी रहेगा भारत का समर्थन**



*बांग्लादेश की प्रतिक्रिया, पीएम के बधाई संदेश के लिए दिया धन्यवाद, दोनों देशों के संबंधों में मजबूती को लेकर जताया विश्वास*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेगम खालिदा जिया के बेटे और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान को फोन कर बांग्लादेश के आम चुनावों में मिली शानदार जीत की बधाई दी है। साथ ही यह भी कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए अपना समर्थन जारी रखेगा। एक्स पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि तारिक रहमान से फोन पर बातचीत कर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है। मैंने उन्हें चुनावों में मिली जीत को लेकर बधाई दी और आम बांग्लादेशी लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों में शुभकामनाओं के साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि को लेकर भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

**शेयर बाजार में झटके से 7 लाख करोड़ स्वाह**



**नई दिल्ली।** अमेरिका में आई भारी गिरावट के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार में भी कोहराम मच गया। निवेशकों के पोर्टफोलियो लाल निशान पर बंद हुए। बीएसई मार्केट कैप में शुक्रवार को भारी कमी आई। गुरुवार को बीएसई एमकैप 472.48 लाख करोड़ रुपए थे, जो 6.83 लाख करोड़ रुपए कम होकर 465.31 लाख करोड़ रुपए पर आ गया।

**जेईई से आईआईएम में होगा एडमिशन**



**नई दिल्ली।** पहली बार इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में एडमिशन के लिए जेईई के नंबर देखे जाएंगे। यह नई पहल अभी एक ही कॉलेज आईआईएम लखनऊ ने की है। संस्थान ने 3 एआई कोर्स लॉन्च किए हैं। इनमें से एक प्रोग्राम में एंट्री का क्राइटेरिया जेईई क्वालिफाइ स्टूडेंट्स को कंसीडर करता है।

**करीब एक लाख श्रद्धालु पहुंचे कुबेरेश्वर धाम**



**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर में कुबेरेश्वर धाम में 14 फरवरी से रुद्राक्ष महोत्सव और शिवपुराण कथा शुरू होने जा रही है। पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजन 20 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव शुरू होने के एक दिन पहले ही करीब एक लाख श्रद्धालु सीहोर पहुंच चुके हैं। सात दिन में दस लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है।

80 साल बाद प्रधानमंत्री कार्यालय का पता शुक्रवार से बदल गया

# अब 'सेवा तीर्थ' से ही चलेगी देश की सरकार, ध्येय वाक्य-नागरिक देवो भवः

*पीएम ने कहा कि यहां से जो फैसले होंगे, वे किसी महाराजा की सोच को नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे*

**पीएम ने कहा- नया भवन ब्रिटिश सोच से मुक्त, जनता की आकांक्षाएं पूरी करेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए कार्यालय सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो गए हैं। इसका ध्येय वाक्य नागरिक देवो भव है। यह परिसर दारा शिकोह रोड पर बनाया गया है, जो कि 2.26 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। संध्या समय आयोजित सार्वजनिक समारोह में प्रधानमंत्री ने 'सेवा तीर्थ' परिसर में पट्टिका का अनावरण कर कर्तव्य भवन 1 एवं 2 का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया गया। साथ ही, एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर अब 'सेवा तीर्थ' कर दिया गया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर




सेवा तीर्थ भवन का उद्घाटन करते पीएम मोदी

### यह परिवर्तन मील का पत्थर: साहू

इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 'सेवा तीर्थ' भारत के प्रशासनिक शासन ढांचे में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल एक आधुनिक, कुशल, सुलभ और नागरिक-केंद्रित शासन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें संस्थागत क्षमता को मजबूत करती हैं और उत्तरदायी एवं जन-उन्मुख शासन की अवधारणा को सुदृढ़ करती हैं, जो विकसित भारत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। साहू ने उल्लेख किया कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक की इमारतें औपनिवेशिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इस सेवा तीर्थ से पहले दिन लिए गए चार 'पहले' बड़े फैसले

**1 पीएम राहत योजना को मंजूरी**

*नए कार्यालय से काम शुरू करते ही प्रधानमंत्री ने कई अहम फैसलों पर हस्ताक्षर किए। इनमें 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत शामिल है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि समय पर उपचार के अभाव में किसी की जान न जाए।*

**2 'लखपति दीदी' का लक्ष्य दोगुना**

*सरकार पहले ही 3 करोड़ 'लखपति दीदी' का लक्ष्य हासिल कर चुकी है, जो निर्धारित समयसीमा से एक वर्ष पहले पूरा हुआ। अब प्रधानमंत्री ने मार्च 2029 तक इस संख्या को बढ़ाकर 6 करोड़ करने का नया लक्ष्य तय किया है। यह कदम महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।*

**3 किसानों के लिए बड़ा ऐलान**

*कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 'कृषि अवसंरचना कोष' को बढ़ाकर 2 लाख करोड़ कर दिया गया है। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने और किसानों को बेहतर भंडारण व प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।*

**4 स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को मंजूरी**




*नवाचार और उभरती तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को 10,000 करोड़ के कोष के साथ मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य डीप टेक, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग और शुरुआती चरण के नवाचारों को वित्तीय सहयोग देना है।*

*केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू बोले, लोकसभा अध्यक्ष से चर्चा के बाद तय होगी दुबे के 'मुख्य प्रस्ताव' पर सरकार की भावी रणनीति*

## विपक्ष के हंगामे के बीच संपन्न हुआ बजट सत्र का पहला भाग, अब 9 मार्च से शुरू होगी कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व सेनाप्रमुख जनरल नरावणे की अप्रकाशित किताब, भारत-अमेरिका ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स में नाम आने के बाद केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग समेत अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष के जोरदार हंगामे और शोर-शराबे के बीच शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों (लोकसभा, राज्यसभा) में जारी बजट सत्र का पहला भाग संपन्न हो गया है। अब सत्र के दूसरे भाग की कार्रवाई अगले महीने 9 मार्च से शुरू होगी। संसदीय परंपरा के तहत इस बार भी बजट सत्र की कार्रवाई दो भागों में पूरी होगी। जिसमें पहले भाग की शुरुआत 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा लोकसभा-राज्यसभा के सांसदों को संयुक्त सत्र के साथ संबोधित करने से हुई थी। जिसके बाद 29 जनवरी को वर्ष 2026-27 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इसके बाद 1 फरवरी को आम बजट आया। जिस पर चर्चा हुई और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना जवाब दिया। सत्र का ये पहला भाग 28 जनवरी से 13 फरवरी तक चला। अब दूसरा भाग 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल को सत्रावसान के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर



### प्रस्ताव पर अध्यक्ष से होगी चर्चा: रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने पूर्व में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने का निर्णय किया था। जिसके पीछे उनके द्वारा लोकसभा नियमों का उल्लंघन करते हुए एक अप्रकाशित पुस्तक का गलत तरीके से सदन में उल्लेख किया जाना और उसके अलावा बजट पर हुई चर्चा के दौरान अपने भाषण में देश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना बड़ी वजह है। कुल मिलाकर कहूं तो कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें लेकर हम उन्हें नोटिस देना चाहते थे। लेकिन अब एक निजी सदस्य निशिकांत दुबे ने एक मुख्य प्रस्ताव (सब्सटेंटिव मोशन) लाया है। इसलिए हम सरकार की तरफ से लाए जाने वाले प्रस्ताव को रद्द कर रहे हैं। सदन में कोई भी सांसद प्रस्ताव ला सकता है। जिसके स्वीकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

114 विमानों की खरीद को लेकर दी गई डीएसी की मंजूरी के बाद रक्षा सचिव की प्रतिक्रिया

## पहली बार फ्रांस के बाहर होगा राफेल लड़ाकू विमानों का उत्पादन : राजेश कुमार सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर दी गई मंजूरी (एओएन) के ठीक अगले दिन, शुक्रवार को रक्षा सचिव का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा कि राफेल विमानों की खरीद की यह प्रक्रिया बिना किसी मध्यस्थ के पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ेगी। जिसमें भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच एक समझौता होगा। यह पहली मौका है, जब राफेल विमानों का फ्रांस के बाहर उत्पादन किया जाएगा। साथ ही मेक इन इंडिया के तहत विमान में लगाई जाने वाली वाली आधे से अधिक यानी 50 फीसदी सामग्री भी स्वदेशी होगी। परियोजना का एक मुख्य पहलू यह है कि इसमें राफेल में लगाए जाने वाले भारतीय हथियारों और उससे जुड़े हुए सिस्टम के इस्तेमाल पर पूर्ण अधिकार भारत के पास होगा। यह जानकारी रक्षा सचिव ने एक निजी न्यूज एजेंसी से बातचीत में दी है।

### 2028 में नौसेना को मिलेगा पहला राफेल

सिंह ने यह भी कहा, परिषद की मंजूरी के बाद तुलनात्मक रूप से इन विमानों को भारतीय सैन्यबलों में शामिल करने की प्रक्रिया में तेजी देखने को मिलेगी। वर्ष 2028 तक नौसेना के लिए पहला राफेल (मरीन) विमान मिलने की उम्मीद है। जबकि इसके कुछ समय बाद यानी एओएन से लेकर करीब साढ़े तीन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के खिलाफ बड़े राष्ट्रीय आंदोलन की तैयारी, राहुल गांधी ने किसान नेताओं से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज संसद भवन में देशभर से आए विभिन्न किसान संगठनों के नेताओं से महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई और किसानों की आजीविका पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि प्रस्तावित अमेरिका-भारत व्यापार समझौता देश के कृषि क्षेत्र के लिए गंभीर चुनौतियां खड़ी कर सकता है। उनका आरोप है कि इस



समझौते के तहत कृषि आयात के लिए दरवाजे खोल दिए गए हैं, जिससे मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवा उत्पादकों की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। नेताओं ने आशंका जताई कि यदि यह प्रक्रिया जारी रही तो अन्य फसलों को भी विदेशी आयात की प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। राहुल गांधी ने बैठक में कहा कि यह व्यापार समझौता भारतीय कृषि बाजार को विदेशी उत्पादों के लिए खोलने की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कोविड-19 से पूर्व की रेल यात्रा रियायतें पत्रकारों को पुनः बहाल हों : सांसद नीरज डांगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने शुक्रवार को संसद के उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान पत्रकारों को कोविड-19 महामारी से पहले भारतीय रेल द्वारा दी जाने वाली यात्रा रियायतों को पुनः बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता, से जुड़े इस संवेदनशील और जनहित के मुद्दे पर सरकार को शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। सांसद डांगी ने सदन को बताया कि



कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय रेल ने पत्रकारों को दी जा रही यात्रा रियायतों को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया था। उस समय की आपात परिस्थितियों में यह एक व्यावहारिक निर्णय माना जा सकता था, किंतु अब जबकि देश में सामान्य स्थिति ▶▶ शेष पेज 5 पर

राज्यसभा में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह का दावा

## दलहन में 2031 तक आत्मनिर्भर होगा भारत, चावल उत्पादन में चीन को पछाड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में सांसदों के सवालों के जवाबों में साफ कर दिया कि देश के अन्नदाता किसानों की बदौलत भारत ने चावल उत्पादन में चीन को पछाड़ कर वैश्विक स्तर पर नंबर वन देश बन गया है। गेहूं का भी रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। बस दलहन अभी भी आयात करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दलहन मिशन और पीएम आशा योजना से किसानों को विशेष सुविधा मुहैया करा कर कोशिश है कि वर्ष 2031 के वर्ष तक भारत दलहन उत्पादन और खपत में आत्मनिर्भर बन जाए। यही नहीं कृषि मंत्री ने



कहा कि पराली के लिए केंद्र की नई योजनाओं का लाभ उठाकर किसान अब पराली कम जला रहे हैं।

भाजपा के मिथिलेश कुमार के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि तुअर, मसूर और उड़द जैसी दालों का न केवल उत्पादन बढ़ा है बल्कि किसानों को विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का लाभ देकर उनसे शत प्रतिशत खरीदी भी सुनिश्चित की जा रही है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा राज्य सरकार चाहे तो किसानों से दलहन राज्यों की एजेंसियां खरीदे। राज्यों से केंद्र की एनसीसीएफ और नेफेड जैसी एजेंसियां खरीदी कर लेंगी। किसानों को नसीहत देते हुए उन्होंने बताया कि दलहन एमएसपी पर किसान बेचना चाहते हैं तो उन्हें पहले पंजीकरण और सत्यापन करवाना होगा उसके बाद वे संबंधित एजेंसियों के मार्फत दलहन के उत्पाद बेच सकते हैं सीधे केंद्र को, वो भी तय एमएसपी पर। तय समय पर किसानों को भुगतान ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एमएसपी, दलहन मिशन और 100% खरीद से किसानों को लाभ

एमएसपी के मुद्दे पर जवाब देते हुए शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर सीधा हमला बोला और कहा कि जब उनकी सरकार थी, तब स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश उत्पादन लागत पर 50 फीसदी मुनाफा जोड़कर एमएसपी को उन्होंने कोर्ट में हलफनामा देकर ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 50 फीसदी लागत पर मुनाफा जोड़कर एमएसपी घोषित करने का काम किया है और इस अंतर को किसानों ने जमीनी स्तर पर महसूस किया है। दलहन खरीद के उदाहरण में उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व वाली तत्कालीन यूपीए सरकार के 10 साल में मात्र 6 लाख मीट्रिक टन दलहन खरीदा गया, जबकि मोदी सरकार ने 1 करोड़ 92 लाख मीट्रिक टन दलहन की खरीद की है, यानी नाम मात्र की खरीद से कई गुना अधिक खरीद कर दोगुने दाम किसानों तक पहुँचाए गए। उन्होंने घोषणा की कि तुअर, मसूर और उड़द की 100 फीसदी खरीदी सुनिश्चित की जाएगी, किसान जितना उत्पादन करेगा और बेचना चाहेगा, केंद्र सरकार पूरी मात्रा खरीदेगी। इसके लिए नेफेड और एनसीसीएफ को अधिकृत किया गया है, साथ ही राज्य सरकारें ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों 51 और आयुष्मान आरोग्य मंदिर किए समर्पित

# हमारी प्राथमिकता लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को दिल्लीवासियों को 51 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को समर्पित किया। इन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण शुक्रवार को फतेहपुर बेरी गांव से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इन नए केंद्रों की शुरुआत से दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या बढ़कर 370 हो गई है, जो मात्र आठ महीनों में हासिल की गई बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर सुलभ और किफायती उपचार उपलब्ध हो। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने छतरपुर विधानसभा में भी 322 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की शुरुआत की।इस अवसर पर दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, छतरपुर के विधायक करतार सिंह तंवर, निगम पार्षद सुंदर सिंह तंवर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयुष्मान केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक जांच, दवाइयां और उपचार सेवाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही हैं और नागरिकों को समय पर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना से स्वास्थ्य व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। इन केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को न केवल उपचार बल्कि प्रोमोटिव और प्रिवेंटिव स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य को खर्च नहीं, बल्कि निवेश मानती है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवल इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि रोकथाम, जागरूकता और विश्वास का केंद्र हैं। जब नीयत साफ हो और संकल्प मजबूत हो तो परिणाम भी तेज आते हैं। केवल एक वर्ष के भीतर 370 आरोग्य मंदिर स्थापित करना इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार जल्द ही 1100 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने के लक्ष्य को भी पूरा करेगी।



#### आरोग्य मंदिरों में उपलब्ध कराई जा रही हैं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में व्यापक और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां लगभग 80 प्रकार की निशुल्क जांच, आवश्यक दवाइयों की मुफ्त उपलब्धता, उन्नत डायग्नोस्टिक सेवाएं और कैंसर स्क्रीनिंग उपलब्ध है। साथ ही, टीकाकरण सेवाएं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कक्ष, बुजुर्गों की देखभाल और गैर-संचारी रोगों की जांच जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इन केंद्रों में आधुनिक और मरीज-अनुकूल बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन सुविधाओं से लोगों को बड़े अस्पतालों में लगने वाली लंबी कतारों से राहत मिलेगी और उन्हें समय पर उपचार प्राप्त हो सकेगा।

#### छतरपुर विधानसभा में 322 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की शुरुआत

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिण दिल्ली में ही छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में 322 करोड़ रुपये से अधिक लागत की बहुप्रतीक्षित विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, नालियों का निर्माण और सुधार, ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक ढांचागत सुधार, स्कूलों का उत्थान और सार्वजनिक सुविधाओं का विकास शामिल है। साथ ही, विधानसभा की कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि उनकी सरकार ने महरौली-बदरपुर रोड पर 1471 करोड़ रुपये की लागत से डबल डेकर फ्लाईओवर को मंजूरी दी गई है। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र को तीन नए स्कूलों की सौगात दी गई है। इसके अतिरिक्त, छतरपुर और आसपास के क्षेत्रों में चार एलिवेटेड रोड परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं।

## जिम्मेदार नागरिक बन नैतिकता और आध्यात्मिकता द्वारा समृद्ध राष्ट्र की नींव होगी मजबूतः द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिम्मेदार नागरिक बन नैतिकता और आध्यात्मिकता द्वारा समृद्ध राष्ट्र की नींव है। विज्ञान भवन में राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कर्मयोग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब कर्म आत्मिक चेतना, निष्ठा और निष्काम भाव से किया जाता है, तभी वह राष्ट्र, समाज और मानवता के कल्याण का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि कर्मयोग को व्यक्तिगत जीवन, प्रशासनिक व्यवस्था तथा राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि अनैतिक आचरण से नैतिक मूल्यों का ह्रास होता है, निस्वार्थ सेवा का भाव शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अलावा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय राज्य मंत्री डॉक्टर मुरुगन, बिहार के राज्यपाल, ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी जयंती दीदी, राजयोगिनी आशा दीदी, डॉक्टर के जी सुरेश, जगदीश चंद्रा, मारवाह स्टूडियो के संस्थापक संदीप मारवाह, बी के कोमल, राष्ट्रीय संयोजका मीडिया बी के सरला उपस्थित रहे। मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बी के सुशांत व बी के हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।



## कंझावला औद्योगिक क्षेत्र में सीलिंग पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के कंझावला औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित सीलिंग कार्रवाई पर रोक लगने के बाद स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों ने क्षेत्रीय विधायक गजेंद्र सिंह दराल के प्रति आभार व्यक्त किया है। कंझावला इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव रोहित कुमार ने एसोसिएशन की तरफ से विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उद्यमियों ने बताया कि विधायक की सक्रिय पहल और संवेदनशीलता के कारण व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय उद्यमियों का कहना है कि सीलिंग रुकने से हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर मंडरा रहा संकट टल गया है और औद्योगिक गतिविधियां अब सामान्य रूप से जारी रह सकेंगी। एसोसिएशन महासचिव रोहित कुमार ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में जिस तत्परता और आत्मीयता से विधायक गजेंद्र दराल ने व्यापारियों का साथ दिया, वह अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है। उनके प्रयासों से न केवल समस्याओं के समाधान की दिशा बनी, बल्कि पूरे औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों में विश्वास और सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई। उद्यमियों ने कहा कि कंझावला औद्योगिक क्षेत्र उनके निस्वार्थ सहयोग और प्रभावी नेतृत्व के लिए सदैव ऋणी रहेगा। एसोसिएशन और क्षेत्रवासियों ने विधायक के उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सीलिंग रुकने से हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर मंडरा रहा संकट टल गया है और औद्योगिक गतिविधियां अब सामान्य रूप से जारी रह सकेंगी।

## दिल्ली सरकार का संकल्प निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और आयुष्मान योजना का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे : सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का संकल्प है कि निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और आयुष्मान योजना का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी के एम ब्लॉक, प्रेम नगर, उत्तम नगर में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन के अवसर पर कही। यह जनकपुरी में बनने वाला 5वां आरोग्य मंदिर है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जनकपुरी के विधायक और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह आरोग्य मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिल्ली सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य के क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है तथा दिल्ली के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। सूद ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है की प्रत्येक नागरिक को उसके घर के निकट सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि 40–45 वर्ष की आयु के बाद प्रत्येक व्यक्ति को हर छह माह में नियमित स्वास्थ्य जांच अवश्य करानी चाहिए। निजी अस्पतालों में इस प्रकार के हेल्थ पैकेज पर लगभग 8 हजार रुपए तक का खर्च आता है। यदि परिवार के चार-पांच सदस्य जांच कराएं तो सालाना खर्च 80 हजार रुपए तक पहुंच सकता है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार दिल्ली के सभी नागरिकों को निःशुल्क जांच और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई स्तरों पर कार्य कर रही है, जिससे आम परिवारों को आर्थिक राहत मिल सके।



# DEVi बसों के साथ रेखा सरकार ने एक साल में रची लास्ट-माइल कनेक्टिविटी की ऐतिहासिक क्रांति

## हर घर तक पहुँची सरकार की रफ्तार

## 4,000 + इलेक्ट्रिक बसों के साथ राजधानी में बना देश का सबसे बड़ा ई-बस बेड़ा

नई दिल्ली

बीते एक वर्ष में दिल्ली ने सिर्फ विकास नहीं देखा, बल्कि उसे महसूस किया है। यह बदलाव सड़कों पर दिखता है, मेट्रो स्टेशनों से निकलते यात्रियों की मुस्कान में दिखता है और उन लाखों परिवारों के विश्वास में दिखता है जो अब बिना डर, बिना परेशानी अपने घर तक पहुँच रहे हैं। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने वह कड़ी जोड़ दी है जो वर्षों से टूटी हुई थी — लास्ट-माइल कनेक्टिविटी 8 फरवरी 2026 को 500 और नई इलेक्ट्रिक बसों की ऐतिहासिक लॉन्चिंग के साथ दिल्ली आज 4,000 से अधिक ई-बसों के साथ देश का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक बस बेड़ा बन चुकी है। इस हरित क्रांति का सबसे मजबूत स्तंभ है — DEVi (Delhi Electric Vehicle Interchange)



### 2029: एक हरित और विकसित दिल्ली का विजन

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का लक्ष्य स्पष्ट है—दिल्ली को 'ग्रीन मोबिलिटी' का ग्लोबल हब बनाना। यह इलेक्ट्रिक क्रांति केवल पर्यावरण बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिल्ली के हर नागरिक के जीवन को सुगम, सुरक्षित और सस्ता बनाने का अभियान है।

**Devi बसों के साथ राजधानी में**

1. यह केवल परिवहन का विस्तार नहीं, यह विश्वास का विस्तार है। 2. यह केवल इलेक्ट्रिक बसें नहीं, यह सुरक्षित और सम्मानजनक सफर का संकल्प है।

### लास्ट-माइल कनेक्टिविटी = सुरक्षा

**DEVi ने परिवहन को केवल आसान नहीं बनाया, बल्कि सुरक्षित भी बनाया है।**

1. हर बस की 24×7 GPS निगरानी पैनिक बटन
2. रियल-टाइम कंट्रोल रूम मॉनिटरिंग
3. रूट से विचलन पर तुरंत अलर्ट

अब घर तक पहुँचने का सफर डर नहीं, भरोसा देता है।

### मेट्रो से हर गली तक सीमलेस कनेक्टिविटी

नई DEVi रूट्स राजधानी के प्रमुख अस्पतालों, संस्थानों और मेट्रो स्टेशनों को जोड़ रही हैं:

1. आनंद विहार आईएसबीटी 2. कश्मीरी गेट 3. अक्षरधाम 4. कड़कड़डूमा 5. मौजपुर-बाबरपुर 6. जीटीबी और एलबीएस जैसे बड़े अस्पताल

मेट्रो से उतरते ही अब घर तक सीधा साधन उपलब्ध है। यही है इंटीग्रेटेड पब्लिक ट्रांसपोर्ट का असली मॉडल।

### विश्व स्तर पर सराहा गया दिल्ली मॉडल

DEVi बसों की सफलता अब वैश्विक चर्चा का विषय बन चुकी है। नॉर्वे के ओस्लो से आए प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के इस मॉडल को अपने यहाँ अपनाने की इच्छा जताई। यह सिर्फ एक योजना की सफलता नहीं, बल्कि दिल्ली के विश्वस्तरीय शहर बनने की दिशा में बड़ा कदम है। यह गति बताती है कि नीयत साफ हो तो बदलाव असंभव नहीं।

### भविष्य की दिल्लीः क्लीन कनेक्टेड स्मार्ट

**DEVi केवल एक बस सेवा नहीं है। यह उस नई सोच का प्रतीक है जिसमें विकास का अर्थ है —**

1. हर नागरिक तक सुविधा, 2. हर सफर में सुरक्षा, 3. हर सांस में स्वच्छता।

### DEVi — एक नजर में

* राजधानी में सबसे बड़ा ई-बस बेड़ा- 4,000 + इलेक्ट्रिक बसें — देश में नंबर 1
* 1,354 DEVi बसें- संकरी गलियों और इंटीरियर कॉलोनियों तक सेवा
* जीपीएस निगरानी ▪ पैनिक बटन ▪ कंट्रोल रूम अलर्ट से सुसज्जित
* 100% जीरो एमिशन अर्थात 1 बस = 15 कार कम
* ओस्लो प्रतिनिधिमंडल ने सराहा मॉडल

### न शोर, न धुआँ — बदल गया दिल्ली का सफर

एक वैश्विक महानगर की असली पहचान उसकी ऊँची इमारतों से नहीं, बल्कि उसके परिवहन की सुगमता से होती है। दिल्ली जैसे शहर में जब एक महिला या बुजुर्ग को मुख्य सड़क से अपने घर तक पहुँचने के लिए असुरक्षित रास्तों या अंधेरे में पैदल चलने पर मजबूर होना पड़े, तो विकास के दावे अधूरे लगते हैं। पिछले कई दशकों से 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी' (अंतिम छोर तक पहुँच) दिल्ली की सबसे बड़ी चुनौती रही है।

लेकिन आज तस्वीर बदल चुकी है। माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दृढ़ संकल्प ने दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को न केवल आधुनिक बनाया है, बल्कि उसे सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त भी कर दिया है।

### 1,354 DEVi बसें अब दिल्ली के हर कोने तक पहुँच रही हैं

9 मीटर लंबी, आधुनिक, पूरी तरह इलेक्ट्रिक DEVi बसें उन गलियों तक जा रही हैं जहाँ कभी सार्वजनिक परिवहन की कल्पना भी नहीं थी। बुराड़ी, नरेला और ट्रांस-यमुना के कई आंतरिक क्षेत्र अब सीधे मेट्रो और मुख्य मार्गों से जुड़ चुके हैं।

**यह सुविधा नहीं—सुरक्षित घर तक पहुंचने का सरकार का संकल्प है।**

### ग्रीन दिल्ली की सबसे बड़ी छलांग

दिल्ली में प्रदूषण के नाम पर सालों से 'ब्लेम गेम' और 'ऑड-इवन' का तमाशा होता रहा है। लेकिन DEVi ने साबित किया कि बदलाव नीयत से आता है, बयानों से नहीं। DEVi ने चुपचाप वह कर दिखाया जो वर्षों से कागजों में था।

**एक DEVi बस = सड़क से लगभग 15 निजी कार कम**

### इसका सीधा अर्थ है —

**1. कम ट्रैफिक 2. कम प्रदूषण 3. कम ध्वनि**

दिल्ली का सफर अब शांत भी है और स्वच्छ भी।

**100% Zero Emission परिवहन**

1. न डीज़ल
2. न CNG
3. पूरी तरह इलेक्ट्रिक





DIP/Shabdarth/Advertorial/0135/25-26

मुख्यमंत्री ने छत्रसाल स्टेडियम से किया 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का शुभारंभ

# ये प्रतियोगिता नहीं, बल्कि दिल्ली के सपनों का है खेल महापर्व : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली खेल महाकुंभ केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राजधानी के युवाओं की ऊर्जा, सपनों और संभावनाओं का महोत्सव है। यह आयोजन दिल्ली के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बनेगा। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को छत्रसाल स्टेडियम में 'खेलो दिल्ली- दिल्ली खेल महाकुंभ' का शुभारंभ करने के अवसर पर कही। यह दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित पहला राज्य स्तरीय मेगा स्पोर्ट्स फेस्टिवल है, जिसे राजधानी की सबसे बड़ी जमीनी स्तर की खेल पहल के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली खेल महाकुंभ के आधिकारिक मैस्कॉट का नाम 'रनवीर' रखा गया है, का भी अनावरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रेरित यह मेगा स्पोर्ट्स फेस्टिवल 'खेलो इंडिया मिशन' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' की तर्ज पर दिल्ली सरकार की दूरदर्शी पहल है।

इसका उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और दिल्ली को एक सशक्त स्पोर्ट्स हब के रूप में स्थापित करना है। यह आयोजन दिल्ली में खेल संस्कृति के पुनर्जागरण का महापर्व है और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। युवाओं को प्रेरित करने और खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाने के लिए ओलंपिक पदक विजेता एवं खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित रवि दहिया, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शिखर धवन और पैरा ओलंपिक पदक विजेता शरद कुमार को 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य गणमान्य अतिथियों ने ओपन जीप में स्टेडियम का दौरा कर खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों का अभिवादन किया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण तब आया जब सीडब्ल्यूएसएन खिलाड़ी, स्कूल बैंड, नासिक ढोल और दिल्ली के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं खेल संघों के 1 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भव्य मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को पुरुस्कृत भी किया गया। साथ ही सिंगर परमिश वर्मा की शानदार प्रस्तुति ने भी पूरे वातावरण को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट, खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### लंबित पुरस्कार राशि खिलाड़ियों को की वितरित

मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग तीन दशकों से लंबित खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि, जिसे पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा जारी नहीं किया गया था, वर्तमान सरकार ने वितरित करते हुए अब तक लगभग 33 करोड़ रुपए की राशि खिलाड़ियों को प्रदान की हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की नई खेल नीति के अंतर्गत ओलंपिक या पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को 7 करोड़ रुपए, रजत पदक पर 5 करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक पर 3 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रति वर्ष 20 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा 10 लाख रुपए तक का जीवन बीमा भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### खेल महाकुभ है देश की स्पोर्ट्स कैपिटल बनाने की दिशा में एक जनआंदोलन : सूद

इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली खेल महाकुंभ 2025-26 राष्ट्रीय राजधानी को देश की स्पोर्ट्स कैपिटल बनाने की दिशा में एक जनआंदोलन है। उन्होंने इसे दिल्ली के खेल जगत में 'नए सवेरा' की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब हर स्थानीय अखाड़ा और प्रत्येक मोहल्ला स्टेडियम वैश्विक स्तर के चैंपियनों की तैयारी का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली केवल खेलों में वापसी नहीं कर रही है, बल्कि खेलों में नेतृत्व करने की तैयारी कर रही है। सरकार खेल तंत्र, स्टेडियम अवसंरचना और खिलाड़ियों के समर्थन तंत्र को मिलकर सुदृढ़ कर रही है, ताकि दिल्ली फिर से खेले, प्रतिस्पर्धा करे और विजयी बने। उन्होंने आगे कहा कि खेल संस्कृति से एक सशक्त शहर का निर्माण करने के लिए महत्वपूर्ण स्तम्भ होता है। सरकार फिटनेस, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना में निवेश कर रही है, और उन्हें विश्वास है कि दिल्ली की वापसी अब हर खेल मैदान पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

### दिल्ली : वायु गुणवत्ता में सुधार, एक्यूआई रहा 184

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता शुक्रवार को 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 184 रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 'समीर' ऐप के अनुसार, 16 निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई, जबकि 22 केंद्रों पर यह मध्यम श्रेणी में रही। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 खराब, 301 से 400 बहुत खराब और 401 से 500 गंभीर श्रेणी में माना जाता है।




# एमसीडी 17,583 करोड़ के बजट से दिल्ली को बनाएगी बेहतर : प्रवेश वाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नेता सदन प्रवेश वाही ने शुक्रवार को निगम सदन में वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट अनुमान तथा वर्ष 2026-27 के बजट को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत किया। करीब 17,583 करोड़ रुपये के इस बजट को निगम के इतिहास का सबसे बड़ा बजट बताया और कहा कि इस बजट से दिल्ली को बेहतर बनाया जाएगा।

बजट को सदन में पारित कर दिया गया। बजट में जनता की सुविधाओं, स्वच्छता, ग्रामीण क्षेत्रों, कर्मचारियों और महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। वहीं, बजट को लेकर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने नेता सदन प्रवेश वाही का जनहितैषी एवं विकासोन्मुख बजट प्रस्तुत करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट दिल्ली को स्वच्छ, सशक्त एवं समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम की भाजपा सरकार की ओर से शुक्रवार को सदन में रखे गए आगामी वित्तीय वर्ष के बजट को महज कागजी करार दिया। एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि बजट जन सरोकारों से कोसों दूर और दिखावटी है। ये बजट कूड़े के पहाड़, साफ सफाई, एमटीएस कर्मियों, आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान नहीं देता है। वहीं, आप नेता प्रवीण कुमार ने कहा कि एमसीडी चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कई बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन बजट में एक भी वादा पूरा नहीं किया। यह जनता का बजट नहीं है, बल्कि एक कागजी बजट है जो कॉमेडी शो जैसा लग रहा था। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता व वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल एवं हेमचंद गोयल ने बताया कि एमसीडी के बजट में पार्षदों का भत्ता 300 से 3000 रुपये किये जाने, पार्षदों व पूर्व पार्षदों को निःशुल्क समुदाय भवन एवं निगम अस्पतालों में कैशलेश सुविधा वाले आईवीपी के प्रस्ताव पास किए हैं। इसके अलावा आईवीपी के अन्य प्रमुख 19 प्रस्तावों को 2026-27 के बजट में शामिल किया है।

# ऐसे ही होता रहा एक्शन तो निगम का राजस्व होगा कई गुणा

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में विज्ञापन विभाग की राजस्व अर्जित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वित्तीय वर्ष 2026-2027 की बजट प्रक्रिया के दौरान भी विशेष बजट बैठकों में कई निगम पार्षदों ने विज्ञापन से होने वाली आमदनी को लेकर बेहतरीन सुझाव दिए हैं। कई पार्षदों ने कहा कि निगम प्रशासन यदि अवैध प्रचार सामग्री पर नियमानुसार एक्शन करे तो निगम की आय कई गुणा बढ़ सकती है। वहीं, बता दें कि गत वित्तीय वर्ष निगम ने विज्ञापनों से 450 करोड़ रुपए की आय लक्ष्य रखा था और गत माह नए आयुक्त संजीव खिरवार ने पद संभाला है। राजस्व मामले में देखा जाए तो निगम प्रशासन ने अब अवैध प्रचार सामग्री पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2026 से 11 फरवरी 2026 तक करीब 41 दिनों में राजधानी दिल्ली के विभिन्न जोनों में अवैध होर्डिंग, बैनर, राजनीतिक व धार्मिक बोर्ड, सनपैक शीट्स और अनधिकृत पोल कियोस्क के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया है। इस कार्रवाई के तहत अब तक कुल 449 अवैध बोर्ड/होर्डिंग हटाए गए तथा 55 अवैध संरचनाएं हटाई गईं। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान राजधानी को अवैध विज्ञापनों और अतिक्रमण से मुक्त करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आगे भी यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

- करीब 41 दिन में 449 अवैध होर्डिंग व बोर्ड हटाए

# विद्यार्थी केवल डिग्रीधारी नहीं, बल्कि भविष्य के कृषि-नेता हैं : शिवराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



विद्यार्थी केवल डिग्रीधारी नहीं, बल्कि भविष्य के कृषि-नेता हैं। आपकी खोजें आने वाली पीढ़ियों की थाली भरेंगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि एवं समारोह के अध्यक्ष के रूप में नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), के 64वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कृषि में 5 प्रतिशत वृद्धि दर बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए विज्ञान-आधारित, टिकाऊ एवं समावेशी कृषि मॉडल अपनाने का आह्वान किया। जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण, जल संकट एवं पोषण सुरक्षा जैसी चुनौतियों के समाधान हेतु नवाचार और अनुसंधान को अनिवार्य बताया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रामनाथ ठाकुर विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में डॉ एम एल जाट, महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सहित कृषि मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक, किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूसा कृषि संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार यह दीक्षांत समारोह शुक्रवार को अत्यंत उत्साह, गरिमा और राष्ट्रीय संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जल-संरक्षण एवं माइक्रो-इरिगेशन तकनीकों के प्रसार, मृदा स्वास्थ्य संवर्धन, प्राकृतिक खेती, जैविक इनपुट, ड्रोन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट कृषि, तथा छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए कम लागत वाली तकनीकों के विकास पर बल दिया।

# मथुरा रोड पर स्कूटी को ट्रक ने मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना अंतर्गत मथुरा रोड पर गुरुवार देर रात एक ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को मोदी मिल फ्लाईओवर, मथुरा रोड के पास एक बेहोश आदमी के बारे में पीसीआर कॉल मिली। लोकल पुलिस मौके पर पहुंची, जहां भारी ट्रैफिक जाम था और सरिता विहार जाने वाले रास्ते पर एक बड़े एक्सीडेंट के बारे में राहगीरों से कई कॉल आए थे।

यह हादसा रात को 12 से 1 बजे के बीच हुआ था। एक स्कूटी को बदरपुर की ओर जा रहे एक ट्रक ने टक्कर मारी थी। किराने के सामान से भरा ट्रक बादली से नागपुर जा रहा था। ट्रक में कोई क्लीनर या हेल्पर मौजूद नहीं था। मृतक युवक का नाम मानव (19) निवासी सराय जुलेना पता चला। घायल का नाम मोहम्मद साद (21) निवासी गफ्फार मंजिल, जामिया नगर पता चला। दोनों युवक स्टूडेंट बताये गये हैं। साद की हालत अभी गंभीर है। स्कूटी उसके पिता के नाम पर रजिस्टर्ड है। आरोपी ड्राइवर का नाम जहुल (32) पुत्र अय्यूब निवासी नूंह, हरियाणा पता चला। उसे हिरासत में लिया गया है। वह अपने मालिक राशिद के पास दो साल से काम कर रहा था। उसके डीएल और इंश्योरेंस का वेरिफिकेशन किया जा रहा हैं। पुलिस का कहना है कि उसे मौके से कोई हेलमेट नहीं मिला है। इससे जाहिर है कि दोनों स्कूटी सवार बिना हेलमेट थे। मामले की जांच जारी है।

### महरौली-बदरपुर रोड पर क्रेन पलटने से लगा जाम

दक्षिण दिल्ली में एक निजी अस्पताल के पास महरौली-बदरपुर रोड पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के लिए काम कर रही एक क्रेन के शुक्रवार सुबह पलट गई। इससे इलाके में भारी यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन इस घटना के कारण सड़क पर यातायात बाधित हो गया था। आवागमन सुगम बनाने के लिए पुलिस को प्रभावित क्षेत्र से वाहनों का मार्ग बदलना पड़ा।

### फतेह नगर में तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े स्कूटरों में मारी टक्कर

पश्चिमी दिल्ली के फतेह नगर इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े कई स्कूटरों को टक्कर मार दी, जिससे वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात इस हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर भाग गया था। चश्मदीदों ने बताया कि कार की रफ्तार तेज थी और उसने सड़क किनारे खड़े कई स्कूटरों में टक्कर मारी। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी, जिसके बाद एक टीम घटनास्थल पर पहुंची।

### मर्डर केस में शामिल मेरठ के तीन शूटर मुठभेड़ में दबोचे

नई दिल्ली। उस्मानपुर इलाके में क्राइम ब्रांच के साथ हुई एक मुठभेड़ में मेरठ के असद गिरोह के तीन शूटर घायल हो गए। तीनों मेरठ में ही असलम नाम के व्यक्ति की सनसनीखेज हत्या में शामिल थे। रोकने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चलाई थी। बदमाशों से तीन सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद हुये। बदमाशों के नाम असद, आमिर उर्फ हुसैन और आहिल उर्फ जव्वाद बताये गये हैं। तीनों मेरठ के ही रहने वाले हैं। पुलिस को मुखबिर से टिप मिली थी कि मेट्रो पिलर नंबर पी 187 वजीराबाद से उस्मानपुर की पुरानी सड़क पर बदमाश आएंगे। इसके बाद संभावित जगह पर जाल बिछाया गया। लगभग 2:05 बजे एक सफेद रंग की मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस से घिरा हुआ देखकर उपरोक्त मोटरसाइकिल पर आए तीनों व्यक्तियों ने पुलिस को निशाना बनाकर गोलियां चला दी। एसआई भरत सिंह आदि ने आत्मरक्षा में आरोपियों के पैरों को निशाना बनाकर गोलियां चलाई। पैरों में गोली लगने के बाद भी आरोपियों ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने बहादुरी दिखाते हुये उन्हें पकड़ लिया।

### साफ सड़कों और अनुशासित नागरिकों से होती है विकसित राष्ट्र की पहचान : स्वाति

नई दिल्ली। राज्यसभा के शून्यकाल में मुद्दा उठाते हुए सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि किसी विकसित राष्ट्र की पहचान ऊंची इमारतों से नहीं, बल्कि उसकी साफ सड़कों और अनुशासित नागरिकों से होती है। उन्होंने कहा कि शहरों की हालत चिंताजनक है, सड़कों पर कूड़ा, फुटपाथों पर अतिक्रमण, बंद पड़े सार्वजनिक शौचालय और अव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल आम हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारें और नगर निगम तो जिम्मेदार हैं ही, लेकिन नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। हम अपने घर को साफ रखते हैं, लेकिन घर से बाहर निकलते ही सड़क को अपना नहीं मानते। उन्होंने रोजमर्रा के उदाहरण देते हुए कहा कि पार्कों और ट्रेनों में कूड़ा फैलाना, नई पेंट की दीवारों पर गुटखा थूकना, लाइन तोड़ना, पर्यटन स्थलों पर अव्यवस्थित व्यवहार और राजीव चौक मेट्रो जैसे स्थानों पर धक्का-मुक्की, यह सब हमारी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि महंगी गाड़ियों से भी कूड़ा सड़क पर फेंका जाता है, जिससे साबित होता है कि पढ़ाई-लिखाई और आर्थिक स्थिति सिविक सेंस की गारंटी नहीं है। जापान का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि वहां बच्चे अपना क्लासरूम स्वयं साफ करते हैं, और उत्तर-पूर्वी राज्यों की अनुशासन और स्वच्छता की संस्कृति की सराहना की।

### तीन स्कूलों को मिले बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल

नई दिल्ली। राजधानी के कम से कम तीन स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए। इसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार मध्य दिल्ली के झंडेवालान स्थित बीटी तमिल स्कूल ने सुबह करीब 9.12 बजे धमकी मिलने की सूचना दी। एक अन्य स्कूल ने अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा, प्रिय अभिभावकों, आज सुबह स्कूल को एक सुरक्षा संबंधी धमकी प्राप्त हुई। एहतियात के तौर पर आवश्यक सुरक्षा उपायों के लिए पुलिस स्कूल में मौजूद है। सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। स्कूल को सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद कक्षाएं फिर से शुरू की जाएंगी।

### दिनदहाड़े गन प्वाइंट पर 60 लाख की लूट केस में सात गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी जिले की सराय रोहिल्ला पुलिस और स्पेशल स्टाफ की टीम ने सात बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट का एक केस सुलझाया है। इन्होंने एक फर्म के कर्मचारी से दिनदहाड़े बंदूक की नोक पर 60 लाख रुपये लूटे थे। आरोपियों में फर्म का भी एक कर्मचारी शामिल है। आरोपी आजकल करोल बाग इलाके में दो करोड़ की लूट की प्लानिंग कर रहे थे, जो उनकी गिरफ्तारी से नाकाम हो गई है। 28 लाख से ज्यादा लूटा हुआ कैश, क्राइम में इस्तेमाल की गई एक कार और एक स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी दिल्ली एनसीआर में हथियारों के बल पर लूट के कई मामलों में वॉन्टेड थे।

महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

# अपनी प्रजा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक थे महाराजा सूरजमल: विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



महाराजा सूरजमल केवल अपने समय के शासक ही नहीं थे, बल्कि वे साहस, रणनीतिक कौशल और अपनी प्रजा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक थे। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। यह विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। संबोधन से पहले अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, पालम 360 खाप के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी, क्षेत्रीय ग्रामीण मंच सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विजेंद्र गुप्ता ने महाराजा सूरजमल को साहस और रणनीतिक सूझबूझ का पर्याय बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल की विरासत उनके कालखंड से परे है और आज भी एकता, लचीलेपन और जिम्मेदार नेतृत्व के मूल्यों को प्रतिबिंबित करती है।

18वीं शताब्दी के भारत में उनकी उत्कृष्ट सैन्य और प्रशासनिक क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए गुप्ता ने लोहगढ़ किले का उल्लेख किया, जो उनकी रणनीतिक दूरदर्शिता और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल का प्रभाव दिल्ली, आगरा, अलीगढ़, मथुरा और आसपास के क्षेत्रों तक फैला हुआ था, जिसने उत्तर भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है।गुप्ता ने 1912 में निर्मित दिल्ली विधानसभा भवन के ऐतिहासिक महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने गोपाल कृष्ण गोखले, बिपिन चंद्र पाल, लाला लाजपत राय और भारत के पहले निर्वाचित अध्यक्ष वीर विट्ठलभाई पटेल जैसे प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं के साथ इस भवन के जुड़ाव को याद किया।

### फायरिंग कर 50 लाख की रंगदारी केस में गोगी गैंग का बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने वजीराबाद में फायरिंग और 50 लाख की रंगदारी केस में गोगी गैंग का बदमाश गिरफ्तार किया है। आरोपी अंकुश चोपड़ा उर्फ सचिन दो साल से फरार था। पुलिस के अनुसार 30 नवंबर 2023 को वजीराबाद इलाके में एक बिजनेसमैन के घर पर फायरिंग का मामला सामने आया था। बताया गया कि बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे एक अज्ञात व्यक्ति ने घर की ओर गोलियां चलाई और मौके से भाग गया। घटनास्थल पर गोगी गैंग के नाम पर 50 लाख की रंगदारी मांगने वाली एक पर्ची भी मिली थी। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों का विश्लेषण किया गया, जिससे आधा दर्जन आरोपी दबोचे गये थे। हालांकि, आरोपी अंकुश चोपड़ा फरार रहा और उसे 30 जून 2025 को न्यायालय द्वारा भगौड़ा अपराधी घोषित किया था। इसे शास्त्री मार्ग, मौजपुर से पकड़ा गया।


### फर्श बाजार में होटल की चौथी मंजिल से कूदी 20 वर्षीय युवती

नई दिल्ली। शाहदरा इलाके के फर्श बाजार थानाक्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक होटल की चौथी मंजिल से 20 वर्षीय युवती ने छलांग लगा जान देने की कोशिश की। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस उसके साथ होटल में ठहरे युवक से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 1 बजे फर्श बाजार थाने में पीसीआर कॉल आई कि एक लड़की होटल संतोष रेजीडेंसी, 60 फुटा रोड से कूद गई है। पता चला कि लड़की निवासी सुंदर नगरी और एक 20 वर्षीय लड़का निवासी बुलंदशहर ने होटल में चेक-इन किया था। उनका झगड़ा हुआ और लड़की गुस्से में चौथी मंजिल की खिड़की से कूद गई। पुलिस कार्रवाई के लिए जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अपने आपको पुलिसकर्मी बताने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपने आपको पुलिसकर्मी बताने वाले एक व्यक्ति को ट्रेफिक पुलिस टीम ने काबू किया है। थाना ओल्ड फरीदाबाद पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर लिया है।



बड़खल चौक पर ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी वाहन चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान कर्मचारियों द्वारा एक कार एचआर-87 जे 3175 को रुकवाया तो चालक ने अपने आपको हरियाणा पुलिस का एएसआई बताते हुये थाना सुरजकुंड में तैनात होना बताया।

### टास्क के नाम पर 6 लाख 52 हजार रुपए की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने प्रीपेड टास्क के नाम पर 6,52,100 रुपए की ठगी करने के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी इकबाल नासिर खान निवासी लालबाग लखनऊ को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सैनिक कॉलोनी निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी थी कि उसे व्हाट्सएप पर घर बैठे टास्क पूरा कर पैसे कमाने का विज्ञापन प्राप्त हुआ। इसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया।

### हथियार रखने वालों पर प्रहार, आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर एक देशी कट्टा बरामद किया हैं।



पुलिस ने बताया 12 फरवरी को टीम ने यश निवासी सेक्टर-2 बल्लभगढ़ को देशी कट्टा सहित गुडगांव कैनाल सेक्टर-3 के पास से गिरफ्तार किया है।

### महिलाओं का स्वास्थ्य व जीवन बेहतर बनाने के लिए ओबेसिटी क्लीनिक लॉन्च



**गुरुग्राम।** महिलाओं में बढ़ रहे मोटापे और लाइफस्टाइल संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए फोर्टिस ला फॅम ने स्पेश्यलाइज्ड़ ओबेसिटी क्लीनिक लॉन्च किया है। जिसका उद्घाटन दिल्ली विधानसभा की विधायक शिखा रॉय और हर्ष महाजन, संस्थापक एवं प्रबंध निदेश, महाजन इमेजिंग ने किया। यह क्लीनिक कई जटिल स्वास्थ्य समस्याओं जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाव, हार्मोनल असंतुलन, जोड़ों के विकारों, बांझपन और ह्रदय रोगों के उपचार के लिए काम करेगा। इस अवसर पर विधायक शिखा रॉय ने कहा कि मोटापा आज हमारे देश में प्रमुख स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। ओबेसिटी क्लीनिक महिलाओं को उचित मेडिकल सपोर्ट प्रदान करेगा ताकि वे अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी ले सकें। हर्ष महाजन, संस्थापक एवं प्रबंध निदेश, महाजन इमेजिंग ने कहा कि मोटापा आज के दौर की केवल कॉस्मेटिक समस्या नहीं है बल्कि एक गंभीर मेटाबोलिक विकार बन चुका है।

# अधिकारियों की टीम के साथ नगर आयुक्त पहुंचे दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर, महाशिवरात्रि के लिए चल रही तैयारी का लिया जायजा

## महाशिवरात्रि पर्व पर 24 घंटे अलर्ट रहेंगे निगम अधिकारी और टीमः मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर का जायजा लिया। उन्होंने महंत श्री नारायण गिरी जी से मुलाकात की तथा चल रही तैयारी के बारे में बताया। मंदिर के साथ-साथ आसपास क्षेत्र का भी भ्रमण किया गया मौके पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली, महंत जी द्वारा प्रकाश व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए नगर आयुक्त के समक्ष विषय रखा,। मौके पर उपस्थित निगम अधिकारियों द्वारा निगम की तरफ से चल रही तैयारी के बारे में बताया गया साथ ही अस्थाई प्रकाश व्यवस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए कार्यवाही प्रारंभ की। जिसमें मंदिर परिसर के साथ-साथ मंदिर के बाहर वाले मार्गों को भी प्रकाश युक्त करने के लिए कार्य किया जा रहा है बताया गया, अस्थाई रूप से आकर्षक लिए भी लगाने का कार्य किया जाए नगर आयुक्त द्वारा प्रकाश विभाग को निर्देश दिए गए।



### सफाई मित्रों की टीम व्यवस्था को बनाए रखेगी

गंगाजल के 6 टैंकर उपलब्ध कराने के लिए टीम को कहा गया है। इसके अलावा सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं मंदिर परिसर तथा बाहर सफाई मित्रों की टीम सफाई व्यवस्था को बनाए रखेगी जिसके लिए अलग से टीम लगाई गई है। डस्टबिन भी मंदिर परिसर में और बाहर भी लगाए गए हैं पूजा सामग्री को उठाने के लिए गाड़ी भी उपलब्ध कराई गई है। 24 घंटे सभी विभाग की टीम और अधिकारी अलर्ट रहेंगे, लाइटिंग व्यवस्था के साथ साथ जनरेटर की व्यवस्था भी कराई गई है 125 केवि के दो जनरेटर, था 62 केवीए के दो जनरेटर उपलब्ध करा दिए गए हैं, निर्माण विभाग द्वारा बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### मंदिर के चारों तरफ भ्रमण किया गया बेरीकेडिंग की व्यवस्था को देखा

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नेमंदिर के पीछे वाली गलियों में भी टीम के साथ भ्रमण किया गया विशेष रूप से सफाई व्यवस्था को देखा गया इसी के साथ मंदिर के चारों तरफ के क्षेत्र में भी भ्रमण किया गया बेरीकेडिंग की व्यवस्था को देखा गया संबंधित अधिकारियो को मौके पर तत्काल कार्रवाई के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए, किसी प्रकार की लापरवाही ना हो ध्यान रखने के लिए कहा गया मंदिर में पधारने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी सहयोग करने के लिए कहा गया,नगर आयुक्त द्वारा श्रद्धालुओं को भी श्रद्धा भक्ति के साथ-साथ स्वच्छता को भी मन में धारण करते हुए सहयोग की अपील की गई है मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, जोनल प्रभारी सिटी जोन आरपी सिंह भी उपस्थित रहे।

हरियाणा-अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी बैठक: सूरजकुंड से भारत-अफ्रीका सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत

# भारत-अफ्रीका संबंध समानता, पारस्परिक सम्मान और सांझा विकास के सिद्धांत पर आधारितः सीएम सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा में औद्योगिकीकरण और आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को फरीदाबाद के सूरजकुंड में हरियाणा-अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उद्योग, व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में हरियाणा और अफ्रीकी देशों के बीच व्यापक संभावनाओं पर मंथन किया गया। बैठक में 21 अफ्रीकी देशों के राजदूतों और हाई कमिश्नरों सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तथा नीति-निर्माताओं ने भाग लिया।



बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सूरजकुंड की पावन एवं सांस्कृतिक धरती से भारत-अफ्रीका साझेदारी के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला लोक परंपरा, हस्तशिल्प, रचनात्मकता और मानवीय कौशल का वैश्विक मंच है, जो सांस्कृतिक जुड़ाव और आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत-अफ्रीका संबंध समानता, पारस्परिक सम्मान और साझा विकास के सिद्धांत पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हरियाणा राज्य स्तर पर भी अफ्रीकी देशों के साथ दीर्घकालिक और मजबूत संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य कृषि, विनिर्माण, एमएसएमई, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स और स्टार्टअप के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ विकास इंजन है। एनसीआर से जुड़ाव के कारण राज्य को वैश्विक कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक मजबूती प्राप्त है, जिससे अफ्रीकी देशों के साथ बहु-क्षेत्रीय सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।

कृषि को भारत-अफ्रीका सहयोग का प्रमुख क्षेत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि सिंचाई प्रबंधन, उन्नत बीज, फसल विविधीकरण, कृषि यंत्रीकरण, डेयरी और पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन में हरियाणा का अनुभव अफ्रीकी देशों की खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है। उन्होंने केन्या, तंजानिया, युगांडा, इथियोपिया और रवांडा के साथ संयुक्त खेती, प्रशिक्षण कार्यक्रम और तकनीकी सांझेदारी की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। तंजानिया निवेश केंद्र तथा कृषि एवं अन्य संस्थानों के साथ हुए समझौतों से व्यापार, निवेश और कृषि सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर, आईटी, निर्माण, कौशल विकास, स्टार्टअप, फिनटेक और एमएसएमई क्षेत्रों में भी व्यापक सहयोग की संभावनाएं हैं। दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और उत्तर अफ्रीकी देशों के साथ क्षेत्र-विशिष्ट औद्योगिक और कृषि आधारित साझेदारी विकसित की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण और हरित विकास को सांझा नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि सौर ऊर्जा, जल प्रबंधन और पर्यावरण संतुलन के क्षेत्र में संयुक्त प्रयास आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक हैं।

### विश्व स्तर की लोक संस्कृतियों से रूबरू करवा रहा मुख्य चौपाल

अपने-अपने देशों की पारंपरिक एवं लोक संस्कृति को प्रदर्शित कर रहे कलाकार

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले की मुख्य चौपाल पर देश-विदेश के कलाकारों द्वारा अपने-अपने देश की पारंपरिक और लोक संस्कृति से पंडाल में मौजूद दर्शकों को रूबरू करवा रहे हैं। यह मुख्य चौपाल विश्व स्तर की लोक संस्कृतियों को नृत्य, गायन और वाद्य यंत्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने का मुख्य मंच बन गया है। कलाकारों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने अपनी.अपनी कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया। सूरजकुंड मेला में मुख्य चौपाल पर लोक कलाकार दिनभर नृत्य, गायन और अन्य विधाओ से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करने के साथ-साथ पारंपरिक संस्कृति से जोड़ रहे हैं। शुक्रवार को केप वर्डे, टोगो, मालावी, कांगो, रूस, घाना और कजाकिस्तान आदि देशों के प्रसिद्ध लोक कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से मुख्य चौपाल पर रंग जमाए रखा। इसी के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

■ शानदार प्रस्तुतियों से पर्यटकों का भरपूर मनोरंजन किया

## तेरे जैसा यार कहां ऐसा याराना, सुप्रसिद्ध गायक अशोक मस्ती ने दर्शकों को किया मदमस्त

सूरजकुंड मेले में जाबी गीतों के साथ-साथ हिंदी फिल्मों के गीतों की जोरदार प्रस्तुति पर झूमकर नाचे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सूरजकुंड में मेले में मुख्य चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या पंजाबी गायक अशोक मस्ती के नाम रही। यहां बड़ी चौपाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उन्होंने अपनी सुरीली आवाज और मस्ती भरे गीतों से मेले में आए पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर एकाएक खींचा। देखते ही देखते यहां लोगों का भारी मेला लग गया और बड़ी चौपाल खचाखच भर गई।

उन्होंने पंजाबी के साथ-साथ हिंदी गीतों की भी यादगार व जोरदार प्रस्तुति दी। उन्होंने जैसे ही हिन्दी फिल्म याराना फिल्म का गीत तेरे जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना. याद करेगी दुनिया, तेरा-मेरा अफसाना, गीत शुरू किया तो यहां पर बैठे युवा मस्ती में झूमने लगे। मशहूर अशोक मस्ती ने कभी सदी के महानायक सुपरस्टार अमिताभ बच्चन, कभी राजेश खन्ना तो कभी अपने जमाने में थिरकने को मजबूर करने वाले शम्मी कपूर पर फिल्मा, गीतों से सबका दिल जीता।



उन्होंने अपने आकर्षक अंदाज से न केवल बड़ी चौपाल बल्कि पूरे सूरजकुंड मेला परिसर को मस्तीनुमा बना दिया।

### शानदार प्रस्तुतित ने सबका दिल जीता

उन्होंने पंजाबी गीतों के साथ-साथ हिंदी गीतों की भी एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुती दी। उन्होंने राजा हिंदुस्तानी फिल्म का हर किसी की जुबां पर अक्सर आने वाले गीत कितना सोणा तेणु रब ने बनाया.. जी करे देखता रहूं, की प्रस्तुति से सबका दिल जीता। दर्शक झूमते हुए कभी शम्मी कपूर के अंदाज में नाचे, तो कभी राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन बने। कभी उन्होंने अपने ही अंदाज में झूमने पर मजबूर किया। उन्होंने हिंदी फिल्म दॉ ट्रेन के गीत गुलाबी आंखें जो तेरी देखी। शराबी ये दिल हो गया तथा हिंदी फिल्म तीसरी मंजिल के गीत ओ हसीना जुल्फों वाली जाने जहां-ढूंढती हैं कातिल आंखें किसका निशां, गीत पर दर्शकों की खूब तालियां बटौरी। दर्शकों की किलकारियों ने माहौल को और अधिक खुशनुमा बनाया।

फर्जी एनआईए अधिकारी बनकर किया था डिजिटल अरेस्ट

# कंबोडियाई ठगों को 2100 ई-सिम भेजने का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने फर्जी एनआईए अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कंबोडिया और चीन में बैठे साइबर ठगों को भारतीय ई-सिम और फर्जी लोन ऐप का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराता था। पुलिस ने आरोपी से 87 जियो सिम कार्ड, 42 हाई-एंड मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है।

आरोपी को तीन दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

इस मामले में अब तक उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल से कुल 08 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दरअसल, साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस में दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसके पास व्हाट्सऐप के माध्यम से वीडियो कॉल आई। जिसमें कॉलर ने खुद को एनआईए अधिकारी बताया और शिकायतकर्ता से कहा कि उसका बैंक अकाउंट में अवैध गतिविधि के 70 लाख रुपए कमिशन के आए हैं। उसने डिजिटल अरेस्ट करके शिकायतकर्ता से रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम वेस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम ने एक आरोपी को पश्चिम-बंगाल से काबू कर लिया। जिसकी पहचान रजत (28) निवासी अलीपुरद्वार (पश्चिम-बंगाल) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से 87 जियो सिम कार्ड, 42 हाई-एंड मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है।



**अजमेर से मंगाकर कंबोडिया भेजता सिमः** रिमांड के दौरान आरोपी रजत ने बताया कि वह राजस्थान के अजमेर से फर्जी तरीके से खरीदे गए भौतिक सिम कार्ड मंगवाता था। वह इनको एप्पल आईफोन के जरिए ई-सिम में बदलता और टेलीग्राम से कंबोडिया में बैठे ठगों को क्यूआर कोड भेज देता था। प्रत्येक ई-सिम के बदले उसे 22 एसडीटी (क्रिप्टो करेंसी) मिलती थी। पुलिस के मुताबिक, वह अब तक 2100 से अधिक ई-सिम विदेश भेज चुका है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **हरेंद्र उर्फ हैरी, पुत्रः किशन लाल, निवासीः सी–110/बी, ग्राउंड फ्लोर, गली नंबर 11 खजूरी खास, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No. 025894/2024 U/S 305(b)/317(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023** के तहत एक मामला **थाना हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण पूर्वी जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **हरेंद्र उर्फ हैरी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **हरेंद्र उर्फ हैरी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि उक्त **हरेंद्र उर्फ हैरी, FIR No. 025894/2024 U/S 305(b)/317(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023** के तहत **थाना पहाड़गंज, मध्य जिला, दिल्ली** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **23.03.2026** को सुबह **10.00 बजे** या उससे पहले न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्रीमती मनुज कौशल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
दक्षिण पूर्व जिला, न्यायालय संख्या 512,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1968/SE/2026
(अदालती मामला)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. संजय, पुत्रः लालू, 2. सोनी, पत्नीः संजय, निवासीः मकान संख्या–पी–2/312, सुल्तान पुरी, दिल्ली** ने **FIR No.:537/25, Dated: 25/09/2025, U/s: 318(4)/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. संजय, 2. सोनी** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. संजय, 2. सोनी** फरार हो गऐं है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. संजय, 2. सोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.03.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन
जेएमएफसी–06, उत्तर पश्चिम, कमरा संख्या 109,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1962/RD/2026

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वन विभाग भिवानी | वन परिसर भिवानी में मिट्टी भराई और इंटरलॉकिंग ब्लॉक पथ के लिए निविदा। | 12.02.2026 18.02.2026 | 7.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242430 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | कोर्ट कॉम्पलैक्स हिसार के निकट वकील पार्किंग में सेटल्ड पाइप लाइन की मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.02.2026 | 15.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | वार्ड नं. 17, हिसार टाउन पार्क डी-सिल्टेड गाद को शहर से बाहर निपटान समेत गाद निकालने के कार्य के लिए आवश्यक गाद निकालने की मशीनरी का उपयोग करते हुए यांत्रिक तरीके से सीवरेज मैनहोल की गाद निकालना। | बंद होने की तिथि 17.02.2026 | 5.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 4 | स्वास्थ्य विभाग कैथल | कैथल जिले के लिए ऑर्थो इम्प्लांट्स की खरीद। | 14.02.2026 24.02.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा गोहाना | सिंक बहादुरपुर ड्रेन के आरडी-300, 1950 और 5450 पर वीआर ब्रिज के पुनर्निर्माण हेतु आकलन + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.02.2026 | 249.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996532800 xenghn@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/100/43014/I/88/7 दि. 13.02.26

## फ्रिक इंडिया लिमिटेड

CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद–121003
Telephone No. 01292275691-94 Email: fbd@frickmail.com Website: www.frickweb.com

**31.12.2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31/12/2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30/09/2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31/12/2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31/12/2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31/12/2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31/03/2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आय | | | | | | |
| I | प्रचालनों से आय | 13,391.07 | 10,004.36 | 12,512.36 | 30,914.93 | 30,129.30 | 43,694.44 |
| II | अन्य आय | 306.23 | 214.02 | 245.14 | 948.68 | 938.52 | 1,068.15 |
| III | **कुल आय (I+II)** | **13,697.30** | **10,218.38** | **12,757.50** | **31,863.61** | **31,067.82** | **44,762.59** |
| IV | व्यय | | | | | | |
| | उपभोग की गई सामग्रियों की कीमत | 10,298.84 | 7,544.27 | 8,118.09 | 23,419.52 | 21,168.16 | 28,765.51 |
| | तैयार सामान, चालू कार्य और स्टॉक इन ट्रेड की इनवेंट्रीज में परिवर्तन | (896.42) | (665.01) | 588.04 | (2,084.34) | (685.84) | 577.95 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,656.12 | 1,640.87 | 1,529.10 | 4,883.62 | 4,500.73 | 6,327.33 |
| | वित्तीय लागत | 56.85 | 47.23 | 70.00 | 179.24 | 185.58 | 264.21 |
| | अवमूल्यन एवं अमोर्टाइजेशन व्यय | 108.59 | 105.26 | 96.27 | 312.44 | 220.13 | 333.62 |
| | अन्य व्यय | 1,037.81 | 915.42 | 986.42 | 2,760.59 | 2,651.07 | 3,875.31 |
| | **कुल व्यय (IV)** | **12,261.79** | **9,588.04** | **11,387.92** | **29,471.07** | **28,039.83** | **40,143.93** |
| V | कर और असाधारण मदों से पूर्व लाभ (III-IV) | **1,435.51** | **630.34** | **1,369.58** | **2,392.54** | **3,027.99** | **4,618.66** |
| VI | असाधारण मदें (टिप्पणी नं. 3 देखें) | **322.36** | - | - | **322.36** | - | - |
| VII | कर से पूर्व लाभ (V-VI) | **1,113.15** | **630.34** | **1,369.58** | **2,070.18** | **3,027.99** | **4,618.66** |
| VIII | कर व्यय | | | | | | |
| | ए) वर्तमान कर | 358.39 | 174.38 | 378.51 | 600.12 | 801.71 | 1,215.00 |
| | बी) विलम्बित कर | (73.17) | 17.86 | (57.99) | (47.16) | (26.26) | (70.80) |
| | सी) पूर्ववर्ती वर्षों हेतु आयकर | - | - | - | - | - | (9.22) |
| | **कुल कर (VIII)** | **285.22** | **192.24** | **320.52** | **552.96** | **775.45** | **1,134.98** |
| IX | अवधि हेतु कर के बाद लाभ (VII-VIII) | **827.93** | **438.10** | **1,049.06** | **1,517.22** | **2,252.54** | **3,483.68** |
| X | अन्य व्यापक आय (करों का शुद्ध) | | | | | | |
| | ए. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं की जाएंगी : | 55.69 | (3.92) | (4.01) | 47.84 | (12.02) | (15.71) |
| | (ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा : | (14.02) | 1.00 | 1.00 | (12.03) | 3.03 | 3.95 |
| | बी. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत की जाएंगी : | - | - | - | - | - | - |
| | (ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा : | - | - | - | - | - | - |
| | **कुल अन्य व्यापक आय (X)** | **41.67** | **(2.92)** | **(3.01)** | **35.81** | **(8.99)** | **(11.76)** |
| XI | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (IX+X) | **869.60** | **435.18** | **1,046.05** | **1,553.03** | **2,243.55** | **3,471.92** |
| XII | अन्य इक्विटी | | | | | | **30,219.71** |
| XIII | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 |
| | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (रु. / शेयर) | | | | | | |
| | ए) बेसिक ईपीएस - वार्षिकृत नहीं | 13.80 | 7.30 | 17.49 | 25.29 | 37.54 | 58.06 |
| | बी) डायल्यूटिड ईपीएस - वार्षिकृत नहीं | 13.80 | 7.30 | 17.49 | 25.29 | 37.54 | 58.06 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और इनकी 13.02.2026 को आयोजित सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये और रिकार्ड पर ले लिए गए हैं और इसकी एक सीमित समीक्षा कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
2. कम्पनी प्राथमिक तौर पर इंडस्ट्रीयल रेफ्रीजरेशन और एयरकंडीशनिंग सिस्टम्स के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के बिजनेस में लगी हुई है। चूंकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिम व वापसी के उसी प्रकार के सैट द्वारा अधिशासित है, अतः IND AS 108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" के अनुसार केवल एक रिपोर्टेबल सेगमेंट है।
3. 21 नवम्बर 2025 से प्रभावी, भारत सरकार ने समेकित मल्टीपल मौजूदा श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में शामिल करते हुए एक यूनिफाइड फ्रैम वर्क बनाया है जिसको सामूहिक रूप से 'नई श्रम संहिताएं' के तौर पर संदर्भित किया गया है। यद्यपि, इन नई श्रम संहिताओं के तहत अनुकूल नियमों को अभी अधिसूचित किया जाना है। कम्पनी ग्रेच्यूटी के कारण पूर्व सेवा लागत का आकलन और रिकॉर्ड कर चुकी है और रु. 322.36 लाख के मुआवजे की अनुपस्थिति है और इसको 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और अवधि के इसके स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों में एक असाधारण मद के तौर पर घोषित किया है। कम्पनी नई श्रम संहिताओं के कुछ पहलुओं पर भारत सरकार से स्पष्टीकरणों और केन्द्रीय / राज्य नियमों को अन्तिम रूप देने के लिए मॉनिटर करना जारी रखे हुए है और इस सम्बन्ध में अनुवर्ती प्रबंधन निर्णयों और ऐसे डॅवलपमेंट्स पर आधारित उपयुक्त लेखा प्रभाव प्रदान करेगी।
4. पूर्ववर्ती अवधियों / वर्ष हेतु आंकड़े आवश्यकतानुसार रिग्रुप्ड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।

कृते व बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00383412

दिनांक : 13.02.2026
स्थान : दिल्ली

**खबर संक्षेप**

## बेऊर जेल से निकले पप्पू यादव, मिली जमानत



**पटना।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव बेऊर जेल से निकल गए हैं। पटना सिविल कोर्ट से उन्हें सभी मामलों में जमानत दे दी गई। पूर्णिया के एक मामले में भी उन्हें जमानत मिल गई है। पप्पू यादव को छह फरवरी की रात को पुलिस ने पटना आवास से गिरफ्तार कर लिया था। पटना के ही 31 साल पुराने दबंगई के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

## मुख्यमंत्री योगी ने सदन में किया ऐलान

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 फरवरी को यीडा क्षेत्र में पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का वर्चुअल माध्यम से करेंगे शिलान्यास

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बताया है कि गौतम बुद्ध नगर के यीडा क्षेत्र में इंडिया चिप प्रा. लि. के सेमीकंडक्टर संयंत्र का पीएम नरेंद्र मोदी शिलान्यास करेंगे।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी को देश के सेमीकंडक्टर केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में 21 फरवरी को ऐतिहासिक कदम उठाया जाएगा। गौतम बुद्ध नगर के यीडा क्षेत्र में इंडिया चिप प्रा.लि. के सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन को संबोधित करने के दौरान की।

यह संयुक्त उद्यम एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे जबकि मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर उपस्थित रहेंगे।



### 45 हजार करोड़ का संभावित वार्षिक जीडीपी योगदान

परियोजना भारत के सकल घरेलू उत्पाद में हर साल लगभग 45 हजार करोड़ का योगदान देने में सक्षम होगी। यह निवेश उच्च मूल्य विनिर्माण को बढ़ावा देकर देश की आर्थिक वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा। परियोजना के माध्यम से यूपी में लगभग 3 हजार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है, जिससे स्थानीय युवाओं को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्रों में नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही, सहायक उद्योगों, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला और सेवा क्षेत्रों में भी व्यापक रोजगार सृजन होगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी।

### देश की पहली डीडीआईसी ओसैट सुविधा

यह परियोजना भारत सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन और यूपी सरकार के सहयोग से स्थापित की जा रही है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्टिंग) सुविधा होगी, जहां चिप्स की उन्नत पैकेजिंग, संयोजन और परीक्षण किया जाएगा। डीडीआईसी चिप्स का उपयोग मोबाइल, टीवी, लैपटॉप और ऑटोमोबाइल डिस्प्ले में होता है। वर्तमान में इनकी आपूर्ति के लिए भारत काफी हद तक आयात पर निर्भर है। यह संयंत्र घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर आयात निर्भरता कम करेगा, निर्यात क्षमता बढ़ाएगा और उत्तर प्रदेश में उच्च-प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाएगा।

**पेज एक का शेष**

## आज पीएम पद ....

तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक रहमान शनिवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं।

## प्रधानमंत्री ने घुमाया तारिक ...

की निरंतर प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। पीएम ने कहा कि भारत और बांग्लादेश दो घनिष्ठ पड़ोसी देश हैं, जिनके बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। जिसे देखते हुए मैंने दोनों देशों की आमजनता की शांति, प्रगति और समृद्धि को लेकर प्रतिबद्धता के साथ भारत के समर्थन की पुष्टि की है।

**साथ काम करने की जताई उत्सुकता** : एक्स पर एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश के चुनावों में बीएनपी को जबरदस्त जीत दिलाने के लिए भी रहमान को बधाई दी है और कहा कि यह चुनाव परिणाम बांग्लादेश की जनता का आपके नेतृत्व पर जताए गए विश्वास का प्रतिबिंब है। भारत एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए अपना समर्थन जारी रखेगा। मैं, भारत और बांग्लादेश के बहुआयामी संबंधों को और अधिक मजबूत करने और हमारे विकास के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

**बीएनपी ने पीएम के प्रति जताया आभार** : बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद छोड़ने से पहले हुए छात्रों के उग्र आंदोलन के बाद 12 फरवरी को 13वें संसदीय चुनाव हुए। जिनमें तारिक रहमान की अगुवाई में बीएनपी ने 200 से अधिक सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। जमात-ए-इस्लामी को 70 से ज्यादा सीटों पर जीत मिली है। जबकि इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश ने 1 और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 7 सीटों पर जीत का परचम लहराया है। इन सबके बीच बीएनपी के स्थायी समिति सदस्य और 2026 चुनावों के मुख्य समन्वयक नजरूल इस्लाम खान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए बधाई संदेश को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि हम भारत के प्रधानमंत्री का हमारे नेता तारिक रहमान और बीएनपी को चुनावी जीत की बधाई देने के लिए धन्यवाद करते हैं। मैं अपनी पार्टी की तरफ से उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं और हम यह विश्वास करते हैं कि हमारे नेता के नेतृत्व में दोनों देशों और उनकी आम जनता के बीच संबंध मजबूत होंगे।

## अब 'सेवा तीर्थ'...

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 'सेवा तीर्थ' केवल एक भवन नहीं, बल्कि कर्तव्य, करुणा और 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देशवासियों की सेवा के संकल्प और 'नागरिक देवो भव' की भावना को साथ लेकर इस पहल को राष्ट्र को समर्पित किया गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ ही इस परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय भी है, जिससे यहां प्रधानमंत्री के लिए केबिनेट मीटिंग लेना भी आसान हो जाएगा। यह परिसर विजय चौक के पास बनाया गया है। नए प्रधानमंत्री कार्यालय में तीन मुख्य इमारतें हैं। इस सेवा तीर्थ को बनाने में 1,189 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। सेवा तीर्थ पूरी तरह हाईटेक सुविधाओं से लैस है। साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय 80 साल से सत्ता का केंद्र रहा है। साउथ ब्लॉक के प्रधानमंत्री कार्यालय में कैबिनेट की पहली बैठक 15 अगस्त, साल 1947 में हुई थी, तब इस बैठक की अध्यक्षता भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। मोदी ने पीएम कार्यालय के नए पते सेवा तीर्थ से देश को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतें, जो ब्रिटिश सोच की हुकूमत को लागू करने के लिए बनी थीं, वहीं सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन जैसे परिसर भारत की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बने हैं। उन्होंने कहा कि यहां से जो फैसले होंगे, वे किसी महाराजा की सोच को नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे।

## यह परिवर्तन मील ...

काल में शाही सत्ता के प्रतीक के रूप में निर्मित की गई थीं, जबकि 'सेवा तीर्थ' और 'कर्तव्य भवन' नए भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप एक आधुनिक और नागरिक-प्रथम शासन ढांचे का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक परिसरों का नाम 'कर्तव्य भवन' रखना केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त, अपनी पहचान वाले स्वतंत्र भारत की वैचारिक अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री के 'कर्तव्य' संबंधी संदेश को स्मरण करते हुए साहू ने कहा कि कर्तव्य वह शक्ति है जो राष्ट्रीय प्रयासों को सुदृढ़ करती है, चुनौतियों का समाधान करती है और विकसित भारत के प्रति विश्वास को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य में समानता, सद्भाव और "सबका साथ, सबका विकास" की समावेशी भावना निहित है। उन्होंने सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे 'नागरिक देवो भव' की भावना को आत्मसात करते हुए सेवा तीर्थ और नए परिसरों में प्रवेश करें तथा आम नागरिक के कल्याण के लिए नवीनीकृत प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। साहू ने अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विश्वास और आशीर्वाद के कारण ही उन्हें इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने अपने परिवारजनों के प्रति भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके संस्कार और सहयोग ने उन्हें सदैव जनसेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा, "यह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा और कर्तव्य के संकल्प का सजीव प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सेवा तीर्थ' आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।" 'सेवा तीर्थ' को सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक-केन्द्रित प्रशासन की दिशा में एक नई कार्य-संस्कृति के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है, जो विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## विपक्ष के हंगामे के बीच ...

समाप्त होगा।

**लोकसभा में यूं चला हंगामा:** सुबह 11 बजे कार्रवाई की शुरुआत के साथ कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने अध्यक्ष के आसन के समीप आकर उक्त मामलों पर हंगामे के साथ सरकार विरोधी नारेबाजी करना शुरू कर दिया। जिसके बाद पीठासीन सभापति संध्या राय ने कुछ ही मिनटों में कार्रवाई को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। एक बार के स्थगन के बाद जैसे ही दोपहर 12 बजे सदन की कार्रवाई शुरू हुई। विपक्ष के हंगामे का सिलसिला शुरू हो गया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाए और उसके तुरंत बाद कार्रवाई को 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया।

## प्रस्ताव पर अध्यक्ष से ...

होने के बाद हम लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से चर्चा कर यह तय करेंगे कि इस बाबत हमारा आगे का कदम क्या होगा? यानी हम ये तय करेंगे कि प्रस्ताव को विशेषाधिकार समिति या आचार समिति को भेजना है या फिर सीधे इसे सदन में चर्चा के लिए पेश करना है। बताते चलें कि बीते दिनों विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए उन्हें उनके पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव महासचिव को सौंपा है। जो संभवतः सत्र के दूसरे भाग में सदन में लाया जा सकता है।

## 2028 में नौसेना को ...

साल तक 114 राफेल विमानों में से पहले का स्वदेश आगमन होगा। मूलरूप से देखें तो वर्ष 2029 से भारतीय वायुसेना को अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमान मिलने की कवायद शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बीते गुरुवार को हुई डीएसी की बैठक में 114 विमानों की खरीद के लिए 3.25 लाख करोड़ रुपए के सौदे को मंजूरी प्रदान की गई है। अब इस बाबत सरकार की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) से संबंधित प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने का इंतजार है। यह पूरा घटनाक्रम फ्रांस के राष्ट्रपति की 17 फरवरी से शुरू हो रही भारत की यात्रा से ठीक पहले घटा है।

**अभी वायुसेना के पास हैं 36 राफेल** : समझौते के बाद 114 में से 18 राफेल विमानों को फ्रांसीसी कंपनी डेसॉल्ट एविएशन पूरी तरह से बनाकर वायुसेना को सौंपेगी। जबकि 96 विमानों का उत्पादन यहां देश में किया जाएगा। वायुसेना के पास वर्तमान में राफेल विमानों की दो स्क्वाड्रन (कुल 36 विमान) हैं। जिनकी तैनाती पाकिस्तान और चीन से लगी देश की सीमाओं के करीब अंबाला और हाशिमारा एयरबेस पर की गई है। इन 36 विमानों की खरीद के लिए भारत और फ्रांस के बीच वर्ष 2016 में कुल 59 हजार करोड़ रुपए का एक रक्षा समझौता हुआ था। जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबंधित वर्ष में की गई फ्रांस की यात्रा के दौरान की गई थी।

## अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के ...

दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में कई अन्य फसलें भी इस दायरे में आ सकती हैं, जिससे किसानों और खेत मजदूरों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ेगा।

बैठक में इस मुद्दे के विरोध में व्यापक राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन खड़ा करने की आवश्यकता पर सहमति बनी। किसान नेताओं और राहुल गांधी ने किसानों एवं खेत मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए संयुक्त रणनीति तैयार करने पर जोर दिया। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में देशभर में जनजागरण अभियान और विरोध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा सकती है।

बैठक में जिन किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, उनमें ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के सुखपाल एस. खैरा और अखिलेश शुक्ला, जीकेएस राजस्थान के रंजीत एस. संधू, भारतीय किसान मजदूर यूनियन (हरियाणा) के एडवोकेट अशोक बलहारा, केएमएम केरल के पी.टी. जॉन, बीकेयू क्रांतिकारी के बलदेव एस. जीरा, प्रोग्रेसिव फार्मर्स फ्रंट के आर. नंदकुमार, बीकेयू शहीद भगत सिंह के अमरजीत एस. मोहड़ी, आम किसान यूनियन के केदार सिरोही, किसान कांग्रेस पंजाब के किरणजीत एस. संधू, राज्यसभा सदस्य गुरप्रीत एस. संघा, किसान मजदूर मोर्चा-इंडिया के गुरमनित एस. मंगत, जम्मू-कश्मीर जमींदारा फोरम के हामिद मलिक, केएमएम के तेजवीर सिंह, हरियाणा किसान संघर्ष समिति के धर्मवीर गोयत, कृषक समाज के ईश्वर सिंह नैन तथा साउथ हरियाणा किसान यूनियन के सतबीर खटाना शामिल थे।

किसान नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते से पहले किसानों, कृषि विशेषज्ञों और राज्यों से व्यापक परामर्श किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसमें किसी भी प्रकार का समझौता किसानों के हितों की अनदेखी कर नहीं किया जाना चाहिए।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर विपक्ष और किसान संगठनों की यह सक्रियता आने वाले समय में राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है।

## कोविड-19 से पूर्व ...

बहाल हो चुकी है, आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं और अन्य कई श्रेणियों की रियायतें फिर से लागू की जा चुकी हैं, तब भी पत्रकारों की यह महत्वपूर्ण सुविधा अब तक बहाल नहीं की गई है।

**पत्रकारों को रियायत एक आवश्यक सुविधा:** उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल समाचार संकलन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे देश के दूर-दराज, दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर आम नागरिकों की समस्याओं, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, आपदाओं और सामाजिक असमानताओं की निष्पक्ष रिपोर्टिंग करते हैं। कई बार उन्हें प्रतिकूल परिस्थितियों और सीमित संसाधनों में काम करना पड़ता है। ऐसे में रेल यात्रा रियायत किसी प्रकार का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि उनके दायित्व निर्वहन में सहायक एक आवश्यक सुविधा है।

नीरज डांगी ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित तभी सुनिश्चित हो सकते हैं, जब पत्रकार निर्भीक, स्वतंत्र और सुलभ साधनों के साथ अपना कार्य कर सकें। पत्रकारों को यात्रा रियायतों से वंचित रखना उनकी कार्यक्षमता को प्रभावित करता है और यह स्थिति लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना के अनुरूप नहीं कही जा सकती। उन्होंने विशेष रूप से छोटे और स्वतंत्र पत्रकारों, ग्रामीण एवं क्षेत्रीय मीडिया से जुड़े संवाददाताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इस निर्णय का सर्वाधिक प्रभाव इन्हीं पर पड़ा है।

सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि कोविड-19 से पूर्व भारतीय रेल द्वारा पत्रकारों को प्रदान की जा रही सभी यात्रा रियायतों को तत्काल प्रभाव से पुनः बहाल किया जाए। साथ ही मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए एक स्पष्ट, पारदर्शी और स्थायी नीति बनाई जाए, जिससे भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में उनके अधिकारों और सुविधाओं का अनावश्यक हनन न हो।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे इस नीति का लाभ वास्तविक और सक्रिय पत्रकारों तक सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचे।

सांसद डांगी की इस मांग को लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारों की भूमिका को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## दलहन में 2031 तक आत्मनिर्भर होगा ...

सुनिश्चित हो इसके लिए व्यापक तैयारी की गई है। एक पूरक प्रश्न के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने माना कि पांच सालों तक बेहतर दलहन उत्पादन करने वाले किसानों की उत्पादकता पिछले साल 2024-2025 में अपेक्षाकृत कम रिकॉर्ड हुई थी। बेहतर बीज, आधुनिक खेती और किसानों के प्रोत्साहन नीति का बखान करते हुए उन्होंने उच्च सदन में भाजपा के डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई के सवाल के जवाब में कहा कि दलहन के क्षेत्र में भारत वर्ष 2031 तक आत्मनिर्भर हो जाएगा। आयात की आवश्यकता खत्म हो जाएगी।

**मूंग पर भिड़े शिवराज-दिग्विजय:** राज्यसभा में शिवराज सिंह चौहान बारी बारी से सांसदों के सवालों का जवाब दे रहे थे। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि शिवराज जी के चुनावी क्षेत्र होशंगाबाद,,सीहोर और हरदा जैसे क्षेत्रों के किसानों की मूंग की खेती को क्यों ₹क्लस्टर खेती₹ की योजना से अलग रखा ? वहां के मूंग में केमिकल अधिक होने की बात एक अधिकारी ने फैलाई जिससे वहां के किसानों को औने पौने दाम है पर मूंग बेचनी पड़ी ! इस पर शिवराज ने खास अंदाज में कहा, दिग्विजय सिंह जी को हमारे चुनावी क्षेत्र की चिंता है उनका धन्यवाद। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि कांग्रेस सरकार के समय वहां के किसान एक फसल उगाते थे आज वही किसान तीन फसल काट कर अपनी आमदनी बढ़ा रहे हैं, ये है मोदी सरकार की नीतियों का असल लाभ। उन्होंने बताया चूंकि वहां अच्छी मात्रा में उन्नत किसानी के उपयोग से 20 लाख मीट्रिक टन रिकॉर्ड उत्पादन मूंग का हो रहा है इसलिए क्लस्टर खेती योजना के अंतर्गत नही रखा। गया है।

दलहन खेती की बारीकी एक अन्य सवाल के जवाब में समझते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि दलहन में भारत का क्षेत्रफल हिस्सा 38 फीसदी था, लेकिन उत्पादन 28 फीसदी पर ही, हो रहा था इसके कारण और निवारण पर पीएम मोदी ने ध्यान दिया। वो असर अब दिखने लगा है। पुराने बीज, कम बीज रिप्लेसमेंट और मौसम की मार की वजह से कई राज्यों में किसानों ने दलहन की खेती छोड़कर अन्य फसलें अपनानी शुरू कर दीं। 2016 तक भारत दालों का सबसे बड़ा आयातक था, लेकिन टेक्नोलॉजी, उन्नत किस्में, वैज्ञानिक शोध, किसानों को सुविधाएँ और नीति समर्थन के जरिए 'दलहन क्रांति' का प्रारंभ हुआ, जिससे 2021-22 में 27.30 मिलियन टन का अब तक का सबसे अधिक उत्पादन दर्ज हुआ।

उन्होंने कहा कि 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के तहत अच्छी किस्मों के बीजों का विकास, बीज रिप्लेसमेंट दर बढ़ाना, किसानों को ट्रेनिंग, क्लस्टर अप्रोच, मुफ्त मिनी किट, प्रदर्शन प्लॉट, प्रति हेक्टेयर 10,000 रुपए तक अनुदान, पारदर्शी खरीद और प्रोसेसिंग के लिए दाल मिल खोलने पर 25 लाख तक सहायता जैसे प्रावधान किए गए हैं।

**एआईएफ से कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस और मशीनों का नेटवर्क, नुकसान में 15 फीसदी तक कमी** : कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) के तहत 1 लाख करोड़ से अधिक की संरचनाएँ बनाने का ऐतिहासिक फैसला किया, ताकि किसानों के उत्पाद को सुरक्षित रखा जा सके। इस योजना के अंतर्गत 44 हजार 243 कस्टम हायरिंग सेंटर, 25 हजार 854 प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर, 25 हजार 565 फार्म हार्वेस्ट ऑटोमेशन यूनिट, 17 हजार 779 वेयरहाउस, 4 हजार 201 सॉर्टिंग और ग्रेडिंग यूनिट, स्मार्ट और प्रिसीजन एग्रीकल्चर के लिए 3 हजार 549 इंफ्रास्ट्रक्चर और 2 हजार 827 कोल्ड स्टोरेज स्थापित किए जा चुके हैं। इन आधुनिक संरचनाओं के कारण फसल, फल और सब्जियों के नुकसान में कमी आई है और किसान अब अपना उत्पाद सुरक्षित रखकर बेहतर दाम हासिल कर पा रहे हैं।

**पराली पर किसान कटघरे में नहीं, हरियाणा सरकार का शुक्रिया** : शिवराज सिंह चौहान ने साफ कहा कि दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण का कारण केवल पराली और किसान नहीं हैं, वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुका है कि शीतकाल में भी पराली का योगदान 5 फीसदी से अधिक नहीं, जबकि बड़ा हिस्सा औद्योगिक इकाइयों और वाहनों से निकलने वाले धुएँ का है। ऐसे में हर बार केवल किसान को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने पराली जलाने की समस्या से निदान के लिए हरियाणा सरकार द्वारा उठाए कदमों की प्रशंसा कर उनका शुक्रिया अदा किया। हरियाणा मॉडल की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इन सीटू और एक्स सीटू प्रबंधन के लिए प्रति एकड़ 1,000 रुपया, 'मेरा पानी–मेरी विरासत' के तहत धान के स्थान पर अन्य फसलों के लिए प्रति एकड़ 7,000, डीएसआर के लिए प्रति एकड़ 4,000, पराली न जलाने पर रेड ज़ोन पंचायतों को 1,00,000, येलो ज़ोन पंचायतों को 50,000 और गौशालाओं तक पराली पहुंचाने के लिए प्रति ट्रांसपोर्ट 500 (अधिकतम 15,000) तक सहायता दे रही है।

शिवराज ने कहा, पराली जलाने से मित्र कीट, न्यूट्रिएंट्स, ऑर्गेनिक कार्बन नष्ट होते हैं, मिट्टी की उर्वरता घटती है और प्रदूषण भी बढ़ता है, इसलिए सरकार ने सीआरएम योजना के तहत किसानों को पराली प्रबंधन मशीनों पर 50 फीसदी सब्सिडी और संस्थाओं को कस्टम हायरिंग सेंटर खोलने पर 80 फीसदी सब्सिडी दी है। उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में अब तक 3.5 लाख से अधिक मशीनें वितरित की गई हैं । पंजाब में 1,60,296, हरियाणा में 1,10,550 और उत्तर प्रदेश में 76,135 मशीनें पराली के प्रोसेस में लगाई गई है। जिसके चलते पराली जलाने की घटनाएँ लगातार घटी हैं और पंजाब में पिछली बार यह घटनाएँ लगभग 5,000 तक सीमित रहीं। उत्तर प्रदेश में घटनाओं में 17 फीसदी तक कमी दर्ज की गई, भले ही एक बार भारी बारिश के बाद एक साथ कटाई और नमी के चलते कुछ किसानों ने पराली जलाई हो। वहीं मेरठ, शामली, हापुड़, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, बागपत और गौतमबुद्ध नगर में 11 पैलेटिंग विनिर्माण संयंत्र तथा 32.63 हजार टन भंडारण क्षमता विकसित कर पराली को संसाधन में बदला जा रहा है।

## एमएसपी, दलहन मिशन और ...

भी अपनी एजेंसियों के माध्यम से खरीदी कर सकती हैं, जबकि बाकी दलहनों की खरीद पीएम_आशा के तहत होगी और समयबद्ध भुगतान के लिए डीबीटी के माध्यम से सिंगल क्लिक से पैसे सीधे किसानों के खाते में भेजने की व्यवस्था बनाई गई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहीद पुत्रः जाकिर पताः मकान नं. डी–73, न्यू सीलमपुर, दिल्ली** ने case **FIR No. 381/2023 U/s 25 Arms Act, थानाः शास्त्री पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहीद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहीद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 381/2023 U/s 25 Arms Act, थानाः शास्त्री पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहीद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.03.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति सारस्वत
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी –03
उत्तर पूर्व जिला, रूम नं. 22, पहली मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1171/NE/2026 (Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.PC. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **जावेद**, पुत्रः **अस्फाक**, पताः मकान न. ए–636, राजा विहार, समयपुर बादली, दिल्ली, ने **FIR No.: 492/2025, दिनांक: 06.07.2025, U/s: 64(1)/49/351(2)** भारतीय न्याय संहिता, 2023, और **4/17 POCSO Act, थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **जावेद**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **जावेद**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 492/2025, दिनांक: 06.07.2025, U/s: 64(1)/49/351(2)** भारतीय न्याय संहिता, 2023, और **4/17 POCSO Act, थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **जावेद**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अजय नागर
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (उत्तरी जिला)
एफटीएससी पॉक्सो (उत्तरी जिला)
कमरा न. 308, तीसरा तल
जिला न्यायालय, रोहिणी, दिल्ली

DP/1831/ON/2026
(Court Matter)

**SINDHU TRADE LINKS LTD.**

129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter ended 31st December, 2025

CIN: L63020DL1992PLC121695 | Website: www.sindhutrade.com | Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com | Phone: 0124-6913000

Extracts of Standalone & Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter & Nine Months Ended on 31.12.2025 (In Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | 31.12.2025 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) | 31.12.2025 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| Total Income from operations | 9,741.70 | 11,423.57 | 12,225.30 | 33,438.51 | 36,829.27 | 50,810.63 | 12,756.65 | 14,939.57 | 51,959.25 | 45,139.29 | 1,71,618.03 | 2,29,270.40 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 711.24 | 775.06 | 1,649.66 | 2,300.75 | 5,567.23 | 4,615.30 | (304.18) | 745.18 | (83.02) | 1,377.09 | 22,936.93 | 16,039.75 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 711.24 | 775.06 | 1,649.66 | 2,300.75 | 5,567.23 | 4,615.30 | 1,525.94 | 1,232.71 | (83.02) | 5,031.98 | 22,936.93 | 16,633.35 |
| Net profit/ (Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 574.76 | 636.44 | 1,460.73 | 1,638.81 | 4,580.30 | 3,849.70 | 1,387.36 | 1,081.66 | (747.07) | 4,348.36 | 18,056.87 | 12,158.92 |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit / Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 574.73 | 636.41 | 1,460.74 | 1,638.77 | 4,580.34 | 4,377.62 | 1,568.11 | 1,634.96 | 3,376.01 | 5,076.75 | 24,030.57 | 17,007.81 |
| Equity Share Capital | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 78,072.91 | 77,498.18 | 76,636.85 | 78,072.91 | 76,636.85 | 76,434.14 | 1,49,115.09 | 1,48,088.06 | 1,43,474.61 | 1,49,115.09 | 1,43,474.61 | 1,45,364.07 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of 1/-each) Basic: | 0.04 | 0.04 | 0.09 | 0.11 | 0.30 | 0.25 | 0.06 | 0.05 | -0.03 | 0.19 | 0.52 | 0.17 |
| Diluted: | 0.04 | 0.04 | 0.09 | 0.11 | 0.30 | 0.25 | 0.06 | 0.05 | -0.03 | 0.19 | 0.52 | 0.17 |

Notes:-

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 13th February, 2026.
2. The above Unaudited financial results of the Company for the Quarter & Nine Months ended on 31st December, 2025 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 13th February, 2026.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
(Chairman & Director)
DIN: 00006999

Place: Gurugram
Dated: 13.02.2026



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।

लाइफStyle



# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ⏭ मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला




### एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



### स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



## रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




## शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल


**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

### वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

#### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

#### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

#### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

## वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

## ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

### दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल'को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

# नवाचारों के लिए लोक निर्माण मंत्री एवं विभाग को दी बधाई

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स की यह कार्यशाला आधुनिक संरचनाओं के निर्माण को गति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। हमारे इंजीनियर्स ने सांदीपनि विद्यालय सहित बड़े-बड़े अधोसंरचनात्मक विकास के निर्माण कार्य किए हैं।

सड़क, पुल, स्टेडियम और भवन जैसे निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से ही किए जाते हैं। विभागीय इंजीनियर्स की क्षमता संवर्धन के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता भी है। डॉ. यादव लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे।

# यह आधुनिक संरचनाओं के निर्माण को गति प्रदान करने की है महत्वपूर्ण पहल: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स की कार्यशाला आयोजित



### इंजीनियर्स को काम करने में कई चुनौतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंजीनियर्स को अपना काम करने में अनेक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। आज की कार्यशाला में एमपीआईडीसी सहित देश की विभिन्न संस्थाओं के साथ समझौते हुए हैं। प्रदेश में ग्रीन बिल्डिंग के विकास को लेकर सहमति बनी है। डॉ. यादव ने सभी कार्यों और नवाचारों के लिए लोक निर्माण मंत्री एवं विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैचारिक प्रतिबद्धता और कार्यशैली में जड़ता से बचने और बदलती तकनीकों के अनुरूप स्वयं को अद्यतन रखने के लिए कौशल संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। ऐसी कार्यशालाएं अभियंताओं की स्किल्स को रिफ्रेश करती हैं और उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों में दीर्घकालिक दृष्टि, नवाचार और पारदर्शिता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

### एक वर्ष का प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार:सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि सड़कों, पुलों और भवनों का वास्तविक आधार प्रशिक्षित एवं सक्षम मानव संसाधन होता है। इसी उद्देश्य से विभाग ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर एक वर्ष का प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया है, जिसमें प्रत्येक त्रैमास के लिए सड़क, पुल, भवन, पर्यावरण और नवीन तकनीकों जैसी थीम निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि विभाग ने 10 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले भवनों को ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप निर्मित करने के निर्देशों के पालन में त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियंताओं को इस विषय पर प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यों के लिए ट्री शिफ्टिंग की कार्यशाला भी जल्द आयोजित की जाएगी। भास्कराचार्य संस्थान ने लोक निर्माण विभाग के 500 से अधिक लोक कल्याण सरोवरों की कार्य योजना तैयार कर ली है।

### वर्कशॉप में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम 2.0 पोर्टल लॉन्च

कार्यशाला में प्रशिक्षण कैलेंडर एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट मैन्युअल का विमोचन किया गया तथा पीएमएस पोर्टल-2.0 डिजिटल प्रबंधन प्रणाली को प्रेजेंटेशन के साथ लांच किया गया। डॉ. विक्रांत सिंह तोमर ने 'कैपेसिटी बिल्डिंग थ्रू इंस्पायर्ड लिविंग' पर प्रेजेंटेशन दिया। राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट, आधुनिक भवन निर्माण तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण तथा निर्माण क्षेत्र में नवाचार जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग निरंतर अपनी योजनाओं को मूर्तरूप दे रहा है। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने अभियंताओं के प्रशिक्षण का नवाचार किया है। आज भवन निर्माण में बेहतर प्रबंधन के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के रिसर्च फेलोशिप के पोस्टर और वेबसाइट का हुआ

# शोध मात्र अकादमिक गतिविधि नहीं, यह समाज-राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शोध अकादमिक गतिविधि मात्र नहीं, यह समाज और राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति है। कोई भी शोध इतना उच्च कोटि का होना चाहिए, जो हम सबकी सोच को एक नई दृष्टि, नई दिशा भी दे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के विकास के लिए अपनी जिज्ञासा और रुचि के अनुसंधान क्षेत्रों में निर्भीक होकर आगे बढ़ें।

जैसे आवश्यकता आविष्कार की जननी है, वैसे ही शोध विज्ञान और सभी वैज्ञानिक पद्धतियों का जनक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मेपकास्ट) के विज्ञान भवन में दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) 2026 को संबोधित कर रहे थे। उद्घाटन सत्र में मैपकास्ट के डीजी डॉ. अनिल कोठारी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी सहित शिक्षक एवं शोधार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे परंपरागत धारणाओं तक सीमित न रहें, बल्कि नवीन विचारों और वैज्ञानिक दृष्टि के साथ ऐसे शोध प्रस्तुत करें, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेपकास्ट में राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) में की सहभागिता




राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में पोस्टर का विमोचन करते सीएम व अतिथि।

### पाण्डेय ने शोधार्थियों को दिया मार्गदर्शन

उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारत केंद्रित परंपरा, संस्कृति और विरासत के शोध को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत केंद्रित शोध और शिक्षा के माध्यम से हम पुनः विश्व गुरू बनेंगे। स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय शोधार्थी समागम की संयोजिका डॉ. अल्पना त्रिवेदी ने दिया। विषय प्रवर्तन डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने दिया। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने समागम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। डॉ. यादव ने विज्ञान भवन परिसर में पौधरोपण भी किया।

### हमें समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए करना है शोध: आचार्यश्री

मिथलेशनन्दिनीशरण महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश ने महाकाल की प्रतिष्ठा से विश्व को अवगत कराया है। हम दुनिया को सर्वस्व दे रहे हैं, क्योंकि हमारे पास महाकाल हैं। पश्चिम की केवल आलोचना करने से कुछ नहीं होने वाला। हमें समग्र रूप से सभी दिशाओं में सोचते हुए शोध करना है। वरिष्ठ लेखक एवं चिंतक सुरेश सोनी ने बीज वक्तव्य में कहा कि भारत के भौगोलिक स्वरूप में वेद आधारित सांस्कृतिक परिदृश्य नजर आता है।

## कोंडागांव में उपजा असंतोष, ग्रामीणों ने प्लांट में किया प्रदर्शन

**कोंडागांव।** इलाके के मक्का उत्पादक किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सके इसके लिए जिले के ग्राम कोकोडी में मक्का प्रशंसकरण प्लांट की स्थापना की गई थी। निर्माण के बाद प्लांट का हमेशा विवादों से नाता रहा। प्लांट से निकलने वाली गंदगी और बदबू के कारण कई बार प्लांट प्रबंधन को स्थानीय ग्रामीणों की आक्रोश का सामना करना पड़ा। प्लांट से फैल रही बदबू और गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने एकजुट होकर शुक्रवार रात तकरीबन 9 बजे प्लांट में धावा बोला और जमकर तोड़फोड़ की है। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी।

## आदेश की अवहेलना पर थाना प्रभारी और आरक्षक निलंबित

**बालोद।** एसपी योगेश पटेल ने बड़ी कार्रवाई की है। अर्जुन्दा थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू और आरक्षक पंकज तारम को निलंबित कर लाइन अटैच किया गया है। एसपी योगेश पटेल ने जारी किए आदेश की अवहेलना करने, कर्तव्यों के प्रति अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता और गैरजिम्मेदाराना आचरण प्रदर्शित किए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की है। दरअसल, एसपी योगेश पटेल ने 16 सितम्बर 2025 को आरक्षक पंकज तारम का स्थानांतरण अर्जुन्दा से गुंडरदेही थाना किया था। लेकिन अर्जुन्दा थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू द्वारा आरक्षक पंकज तारम को रवानगी न देकर एसपी के निर्देश की अवहेलना की गई। जिससे एसपी ने थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू, आरक्षक पंकज तारम को निलंबित किया।

## यूजीसी के समर्थन में आंबेडकर जयंती मैदान में जुटे कार्यकर्ता

# भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन, सीएम हाउस घेराव के लिए बढ़े तो पुलिस ने चलाई वाटर कैनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूजीसी के समर्थन में गुरूवार को राजधानी के आंबेडकर जयंती मैदान में भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने प्रदर्शन किया। आंबेडकर जयंती मैदान पर सभा को संबोधित करने के बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ता सीएम हाउस घेराव के लिए रवाना हुए।

जैसे ही वे प्रकाश तरण-पुष्कर की तरफ बढ़े पुलिस ने बैरिकेडिंग करके रोक लिया। पुलिस की समझाइश के बाद भी जब कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने वाटर कैनन चलाई और कार्यकर्ताओं और कई पदाधिकारियों को पुलिस वैन में भरकर ले गईं। इस प्रदर्शन में भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय, पूर्व विधायक आरडी प्रजापति, दलित पिछड़ा समाज संगठन के अध्यक्ष दामोदर यादव मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के नाम 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी ने मांगे पूरी नहीं होने की




### 28 तारीख को यात्रा छतरपुर पहुंचेगी

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छतरपुर जिले की चंदला के पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने कहा हमारी एक यात्रा 27 फरवरी को सागर में होने वाली है। मैं किसी दल का नहीं हूं। मैं दिल वाला हूं। जहां दलित, आदिवासी, पिछड़ों की बात होगी। मैं वहां पहुंच जाता हूं। 28 तारीख को हमारी यात्रा धीरेन्द्र शास्त्री के गांव छतरपुर में पहुंचेगी।*

## वंदे मातरम गायन को मप्र में लागू करेगी राज्य सरकार: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगान जन-गण-मन से पहले सभी कार्यालयों और स्कूलों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के छह छंदों के गायन का निर्णय लिया है। यह अत्यंत सराहनीय एवं अभूतपूर्व पहल है। इसके जरिए पूरा देश अमर शहीदों के बलिदान को स्मरण करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे वीर सेनानियों ने वंदे मातरम गाते हुए स्वयं को देश के लिए बलिदान कर दिया। मध्यप्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के इस निर्णय के साथ खड़ी है और वंदे मातरम गायन के निर्णय को त्वरित रूप से प्रदेश में लागू कर रही है।

## 98 दिन में गणना पत्रक सहित सुनवाई हुई पूरी

# नरेला और दक्षिण-पश्चिम में 100 प्रतिशत एसआईआर, हुजूर व बैरसिया में 99 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की बैरसिया, नरेला, उत्तर, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में से नरेला और दक्षिण-पश्चिम विस में सबसे पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पूरा कर लिया है, जबकि हुजूर और बैरसिया में भी 99.99 प्रतिशत काम कंपलीट कर लिया गया है।

शेष विधानसभाओं में भी 99 फीसदी से अधिक काम हो गया है। हालांकि 1656 लोगों की सुनवाई बाकी है। इधर 30 हजार से अधिक नाम जोड़ने के आवेदन भी पेंडिंग चल रहे हैं।

### लॉजिकल डिस्पेंसी वाले नामों ने बढ़ाई मुश्किल



एसआईआर के काम के दौरान दस दिन पहले अचानक से जिले के सवा दो लाख मतदाताओं के नाम, पिता का नाम, उम्र, पति का नाम और पते में गड़बड़ी को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने सवा दो लाख मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए। जिसके बाद अतिरिक्त एईआरओ को तैनात कर सुनवाई को पूरा किया गया।

### ऐसे चला एसआईआर का काम

चार नवंबर से गणना पत्रक बांटने का काम शुरु किया गया, जो 45 दिन चला। इसके बाद 23 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी कर दिया गया। इसके साथ दावे आपत्तियों के फेस में नए नाम जोड़ना, आपत्तियां लेना, वोटर लिस्ट में दर्ज नाम में संशोधन, नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई का काम चलता रहा।

### दस हजार आपत्तियां हुईं खारिज

जिन आपत्तियों को लेकर शुरु से ही विवाद खड़ा हो गया था। उनमें से अधिकतर आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एक नाम से तीस से लेकर डेढ़ सौ लोगों के नाम काटने के लिए प्रिंटेड फार्म-7 को भरकर पेश किया गया था। जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया। बीएलओ ने जब इन आपत्तियों की जांच की तो उसमें अधिकतर लोग सही पाए गए। अब इन मतदाताओं के नाम नहीं काटे जाएंगे। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने भी कलेक्टर से मिलकर आपत्तियों के संबंध में नाम नहीं काटने की बात कही। एसआईआर का ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद जिले की सात विस से करीब 80 हजार नए नाम जोड़ने के आवेदन पेश किए गए हैं।


## ☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

### होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

**04054/04053 नई दिल्ली - बरौनी जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04054 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04053 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:50 | नई दिल्ली | 03:50 | --- |
| 22:00 | --- | बरौनी जं. | --- | 00:45 |

**चलने के दिन:** **04054 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04053 बरौनी जं.** से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जंक्शन और शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04060/04059 नई दिल्ली - सुपौल - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04060 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:35 | नई दिल्ली | 16:10 | --- |
| 04:00 | --- | सुपौल | --- | 07:00 |

**चलने के दिन:** **04060 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04059 सुपौल** से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर और सहरसा जं. स्टेशन।

**04066/04065 आनन्द विहार (ट.) - खोरधा रोड जं. - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:30 | आनन्द विहार (ट.) | 08:15 | --- |
| 12:30 | --- | खोरधा रोड जं. | --- | 15:30 |

**चलने के दिन:** **04066 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 (प्रतिदिन) और **04065 खोरधा रोड जं.** से दिनांक 28.02.2026 से 04.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, चंद्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं., बराभूम, चाण्डिल जं., टाटानगर जं., घाटशिला, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्द्रझर रोड, कटक और भुवनेश्वर स्टेशन।

**04070/04069 आनन्द विहार (ट.) - शेखपुरा - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04070 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | --- |
| 20:30 | --- | शेखपुरा | --- | 22:30 |

**चलने के दिन:** **04070 आनन्द विहार (ट.) से** और **04069 शेखपुरा** से दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.
**ठहराव:** गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्रनगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं., अस्थावाँ और बरबीघा स्टेशन।

**04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 32 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04081 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | --- |
| 12:00 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

**चलने के दिन:** **04081 नई दिल्ली से** दिनांक 21.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) और **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.02.2026 से 09.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** पानीपत, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

**04010/04009 दिल्ली जं. - सीतामढ़ी - दिल्ली जं. आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04010 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:20 | --- |
| 22:30 | --- | सीतामढ़ी | --- | 23:55 |

**चलने के दिन:** **04010 दिल्ली जं. से** दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 (गुरूवार) और **04009 सीतामढ़ी** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. और बैरगनिया स्टेशन।

**04014/04013 आनन्द विहार (ट.) - लौकहा बाजार - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04013 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:40 | आनन्द विहार (ट.) | 03:40 | --- |
| 20:15 | --- | लौकहा बाजार | --- | 21:30 |

**चलने के दिन:** **04014 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 27.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04013 लौकहा बाजार** से दिनांक 28.02.2026 से 07.03.2026 (प्रतिदिन तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, शीशो, सकरी जं. और झंझारपुर जं. स्टेशन।

**04022/04021 नई दिल्ली - गोरखपुर - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04022 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

**चलने के दिन:** **04022 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (शुक्रवार) और **04021 गोरखपुर** से दिनांक 21.02.2026 से 07.03.2026 (शनिवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन।

**04203/04204 लखनऊ - नई दिल्ली - लखनऊ आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04203 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04204 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

**चलने के दिन:** **04203 लखनऊ से** और **04204 नई दिल्ली** से दिनांक 23.02.2026 एवं 02.03.2026 (सोमवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04209/04210 वाराणसी - दिल्ली जं. - वाराणसी आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:30 | वाराणसी | 09:40 | --- |
| 13:30 | --- | दिल्ली जं. | --- | 19:25 |

**चलने के दिन:** **04209 वाराणसी से** दिनांक 24.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04210 दिल्ली जं.** से दिनांक 25.02.2026 से 07.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली जं., लखनऊ, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04213/04214 अयोध्या कैंट - आनन्द विहार (ट.) - अयोध्या कैंट आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04213 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04214 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:20 | अयोध्या कैंट | 22:00 | --- |
| 06:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | --- | 09:00 |

**चलने के दिन:** **04213 अयोध्या कैंट से** दिनांक 24.02.2026, 26.02.2026, 01.03.2026, 03.03.2026 एवं 05.03.2026 और **04214 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 25.02.2026, 27.02.2026, 02.03.2026, 04.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04227/04228 वाराणसी - चण्डीगढ़ - वाराणसी आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04227 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04228 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:50 | वाराणसी | 01:20 | --- |
| 07:45 | --- | चण्डीगढ़ | --- | 09:30 |

**चलने के दिन:** **04227 वाराणसी से** दिनांक 21.02.2026 एवं 28.02.2026 (शनिवार) और **04228 चण्डीगढ़** से दिनांक 22.02.2026 एवं 01.03.2026 (रविवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी और अंबाला कैंट स्टेशन।

**04604/04603 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - वाराणसी - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04604 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04603 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:15 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | --- |
| 19:00 | --- | वाराणसी | --- | 05:00 |

**चलने के दिन:** **04604 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.02.2026, 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 और **04603 वाराणसी** से दिनांक 24.02.2026, 28.02.2026, 04.03.2026 एवं 08.03.2026 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04514/04513 चण्डीगढ़ - गोरखपुर - चण्डीगढ़ आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04514 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04513 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:35 | चण्डीगढ़ | 14:10 | --- |
| 17:35 | --- | गोरखपुर | --- | 22:05 |

**चलने के दिन:** **04514 चंडीगढ़ से** दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 (गुरूवार) और **04513 गोरखपुर** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

489/26
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# बांग्लादेश के साथ संतुलन साधने की चुनौती बरकरार

बांग्लादेश की राजनीति में आए ताजा बदलाव ने दक्षिण एशिया के कूटनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है। आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की निर्णायक जीत और उसके अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश लगभग दो दशकों बाद सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 2008 से 2024 तक शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग की सरकार रही। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नई सरकार देश की आंतरिक राजनीति और विदेश नीति को किस दिशा में ले जाती है। भारत के लिए यह सत्ता परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। पड़ोसी होने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध गहरे हैं। पिछले डेढ़ दशक में सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे में नई दिल्ली की प्राथमिकता यही होगी कि इन उपलब्धियों को संरक्षित रखते हुए नई सरकार के साथ विश्वास का रिश्ता कायम रखा जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तारिक रहमान को दी गई बधाई इस बात का संकेत है कि भारत व्यावहारिक और संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। हालांकि दोनों देशों के संबंधों को लेकर चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बीएनपी का अतीत भारत के प्रति अपेक्षाकृत सख्त रुख से जुड़ा रहा है। इसके अलावा जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन की उपस्थिति भी नई सरकार की नीतियों को प्रभावित कर सकती है। अब बांग्लादेश के संविधान में बड़े बदलावों को जनता ने हरी झंडी दे दी है। बांग्लादेश प्रधानमंत्री की शक्तियों में कटौती करने जा रहा है और राष्ट्रपति की ताकत बढ़ेगी, इसके अलावा इस देश में संसद के ऊपरी सदन का गठन होगा। अब देखना यह भी है कि बांग्लादेश का संविधान किस तरह की नीति को अपनाता है। संविधान में कैसे बदलाव लाए जाते हैं। अगर पाकिस्तान की तरह शरियत को अपनाता है तो यह उन बांग्लादेशी हिंदुओं पर कुठाराघात होगा, जिन्होंने बीएनपी का समर्थन किया और उसके लिए दिन रात एक कर दिया। विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों का प्रश्न भारत के लिए संवेदनशील मुद्दा रहेगा। चीन और पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के संबंधों पर भी नजर रहेगी। यदि नई सरकार बीजिंग की ओर अधिक झुकाव दिखाती है, तो यह भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साथ संबंधों का पुनर्संतुलन भी क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकता है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू शेख हसीना से जुड़े मुद्दों का है। यदि नई सरकार उनके खिलाफ राजनीतिक या कानूनी कार्रवाई करती है, तो भारत को अपनी प्रतिक्रिया बेहद संतुलित रखनी होगी। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होगा। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए बांग्लादेश के साथ बेहतर संपर्क और व्यापारिक सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि 1988 में काजी जफर अहमद के बाद पहली बार कोई पुरुष बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में खालिदा जिया और शेख हसीना का दबदबा रहा। अंततः भारत और बांग्लादेश के संबंध किसी एक दल या नेता पर निर्भर नहीं होने चाहिए। बांग्लादेश की नई सरकार के लिए भी यह समझना आवश्यक है कि भारत के साथ सकारात्मक और संतुलित संबंध ही उसके दीर्घकालिक हितों की रक्षा कर सकते हैं।

# भारत-बांग्लादेश संबंध के नवीकरण का वक्त



जनादेश
डॉ. घनश्याम बादल

12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा।

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के रूप में मोहम्मद यूनुस और कुछ खास कर पाए हों या नहीं, लेकिन एक काम तो उन्होंने कर ही दिया है कि बांग्लादेश को राजनीतिक उहापोह की स्थिति से निकालकर स्पष्ट जनादेश दिलवा दिया है। 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी जमात ए इस्लामी को 74 सीट ही मिलीं हैं।

आश्चर्यजनक रूप से छात्र आंदोलन का चेहरा बनकर शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी को केवल दो सीट ही मिल पाई हैं और इसकी मुख्य वजह यही दिखती है कि उनका जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन का रणनीतिक निर्णय ग़लत रहा। बांग्लादेश का ताज़ा चुनाव कोई सामान्य सत्ता-परिवर्तन नहीं, बल्कि एक पूरे राजनीतिक युग के अंत और नए शक्ति-संतुलन की शुरुआत समझा जाना चाहिए। यह चुनाव केवल संसद की सीटों का गणित नहीं है, बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक बेचैनी की परिणति है, जो वर्षों से सड़कों, विश्वविद्यालयों, श्रमिक बस्तियों और सीमावर्ती इलाकों में सुलग रही थी। इस जनादेश ने साफ संकेत दिया है कि देश अब पुराने ढर्रे की राजनीति से आगे निकलना चाहता है लेकिन यह रास्ता लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर जाएगा या नए असंतुलन की ओर, यह अभी भी एक अनुत्तरित ज्वलंत सवाल है।

आंकड़ों की बात करें तो तस्वीर साफ है। संसद में स्पष्ट बहुमत एक ही राजनीतिक धारा के पक्ष में गया है। कुल सीटों का बड़ा हिस्सा एक ही पार्टी बीएनपी के खाते में गया, जबकि विपक्षी ताकतें सीमित, बिखरी हुई और वैचारिक रूप से खंडित दिखाई देती हैं। मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत ऊंचा रहा, जो यह संकेत देता है कि जनता ने चुनाव को महज़ औपचारिकता नहीं माना, बल्कि उसे सत्ता-परिवर्तन का माध्यम समझा। हालांकि यह भी सच है कि अवामी लीग की अनुपस्थिति से चुनावी मुकाबला असंतुलित रहा, लेकिन इसके बावजूद जनमत का संदेश दो-टूक है। पुरानी सत्ता संरचना से मोहभंग और नए विकल्प की तलाश। यह जनादेश मूलतः तीन संदेश देता है। पहला, जनता सत्ता के केंद्रीकरण से ऊब चुकी थी। दूसरा, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा निर्णायक रूप में वोट में बदला। तीसरा, राजनीति में नैरेटिव बदला है, अब सिर्फ 'स्थिरता' नहीं, बल्कि 'न्याय और समान अवसर' की भाषा असर कर रही है। यही कारण है कि यह चुनाव भावनात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का संकेत देता है। ऐसा नहीं लगता कि तारीक रहमान के नेतृत्व में आने वाली सरकार सहजता से शासन कर पाएगी। शपथ लेने के साथ ही उनकी असली चुनौती शुरू होती है। नया नेतृत्व जितना शक्तिशाली जनादेश लेकर आया है, उतनी ही बड़ी उसकी ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र में बहुमत ताकत नहीं, उत्तरदायित्व होता है। यदि यह सरकार संस्थाओं को मजबूत करती है, विपक्षी आवाज़ों को सम्मान देती है और चुनावी जीत को 'सहमति की राजनीति' में बदलती है, तो बांग्लादेश एक



नई लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर बढ़ सकता है लेकिन यदि बहुमत 'वर्चस्व' में बदल गया, या फिर शेख हसीना की सरकार की तरह शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाने लगा तो वही चक्र दोहराया जाएगा, जिससे बांग्लादेश बाहर निकला है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मोर्चे की तस्वीर उतनी चमकदार नहीं है, जितनी राजनीतिक मंच से दिखाई जाती है। विकास दर के दावों के बावजूद ज़मीनी सच्चाई बेरोज़गारी, महंगाई, विदेशी मुद्रा दबाव और असमान विकास की है। शहरी केंद्रों में समृद्धि का भ्रम है, लेकिन ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक हाशियाकरण अब भी गहरा है। नया शासन अगर सिर्फ मैक्रो-इकोनॉमिक आंकड़ों में उलझा रहा और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल नहीं अपनाया, तो सामाजिक असंतोष जल्द ही राजनीतिक संकट में बदल सकता है। रही बात भारत-बांग्लादेश संबंधों की तो पिछले दशक में यह रिश्ता 'रणनीतिक साझेदारी' से 'रणनीतिक निर्भरता' की ओर बढ़ा था। ऊर्जा, ट्रांज़िट, व्यापार, सीमा-सुरक्षा के स्तर पर भारत की भूमिका निर्णायक रही, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस रिश्ते की भाषा बदलेगी। हो सकता है कि नया शासन भारत को सहयोगी तो माने, लेकिन एकमात्र रणनीतिक विकल्प नहीं। यह फर्क सूक्ष्म है, पर निर्णायक। भारत अब 'स्वाभाविक साथी' रहेगा, पर 'विशेषाधिकार प्राप्त साझेदार' की उसकी भूमिका बदलती दिखाई दे रही है। यह बदलाव सीधे दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को प्रभावित करेगा। बांग्लादेश का झुकाव बहु-ध्रुवीय विदेश नीति की ओर होगा,जहां भारत, चीन, खाड़ी देश, दक्षिण-पूर्व एशिया सभी समानांतर विकल्प होंगे। इसका अर्थ है कि भारत का क्षेत्रीय वर्चस्व नैरेटिव कमजोर हो सकता है और प्रतिस्पर्धात्मक कूटनीति का युग शुरू होने जा रहा है। यह केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी होगी-बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, निवेश और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर। अब बांग्लादेश का जुड़ना इस क्षेत्र को एक ऐसे मोड़ पर ले जाएगा, जहां भारत को नेतृत्व 'स्वाभाविक' नहीं, बल्कि 'अर्जित' करना होगा। यानी सहयोग विश्वास से बनेगा, दबाव से नहीं। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा। भारत को अब शेख हसीना के समय में उपजे व्यक्तिवाद के समर्थन की रणनीति के बजाय कूटनीति का लोकतंत्रीकरण कर, आगे बढ़कर संबंधों का नवीकरण करना होगा।

शिक्षा, संस्कृति, युवा, मीडिया और नागरिक संवाद के स्तर पर निवेश बढ़ाना होगा। आर्थिक सहयोग का नया मॉडल,सिर्फ परियोजनाएं नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार-केंद्रित निवेश बनाना होगा और भाषा में संयम लाना पड़ेगा। भारत एवं बांग्लादेश दोनों देशों की सरकारों को समझना होगा कि हर मुद्दे को सुरक्षा समस्या बनाना रिश्तों को खोखला करता है। बहु-पक्षीय मंचों पर सक्रियता बिम्सटेक, क्षेत्रीय व्यापार मंचों और समुद्री सहयोग ढांचों में नेतृत्व संभालना है तो व्यावहारिक बना होगा और नई सरकार को समर्थन देते हुए शेख हसीना के मुद्दे को भी सुलझाना होगा। सच यह है कि भारत यदि बांग्लादेश को "प्रभाव-क्षेत्र" की तरह देखेगा, तो वह उसे धीरे-धीरे खो देगा और यदि उसे "साझा भविष्य" का भागीदार मानेगा, तो यह रिश्ता और गहरा होगा।

इतिहास गवाह है कि जो देश पड़ोस में लोकतंत्र को अवसर मानते हैं, वे स्थिर रहते हैं; जो उसे ख़तरा मानते हैं, वे अस्थिर होते हैं। बांग्लादेश ने अपना रास्ता चुन लिया है। अब भारत की बारी है कि वह अपनी राह चुने और एक-एक कर उसे दूर होते पड़ोसियों को चीन या पाकिस्तान की गोद में बैठने से बचाए।

( लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

मुनीष भाटिया



# शिव दर्शन से सत्ता और न्याय का संतुलन संभव

आज के समय में जब समाज अनेक संकटों से जूझ रहा है, तब शिवजी की यह शिक्षा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अगर सामाजिक दृष्टि से देखा जाए, तो शिव का संदेश स्पष्ट है- समानता और समावेशिता। वे सभी वर्गों को समान दृष्टि से देखते हैं, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से आते हों। हम आधुनिक समाज में जाति, धर्म, वर्ग और संप्रदाय के नाम पर बंटे हुए हैं। हमारा सामाजिक ढांचा इतनी गहराई तक विभाजित हो चुका है कि हम मनुष्य की वास्तविक पहचान को भूल चुके हैं। शिव हमें यह सिखाते हैं कि किसी व्यक्ति की पहचान उसकी कर्मशीलता, उसकी सोच और उसके आचरण से होती है, न कि उसके जन्म से। अगर हम उनके इस सिद्धांत को आत्मसात करें, तो समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव और वैमनस्य को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा, मानसिक तनाव और अवसाद आज एक वैश्विक समस्या बन चुके हैं। लोग भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतने व्यस्त हो गए हैं कि मानसिक शांति खोते जा रहे हैं। शिव का योग और ध्यान से जुड़ा दर्शन यह दर्शाता है कि मानसिक शांति के लिए आंतरिक संतुलन आवश्यक है। वे विलासिता से दूर रहते हैं और सरलता को अपनाने का संदेश देते हैं। शिवजी के जीवन में एक और महत्वपूर्ण पक्ष है-उनकी सादगी। वे एक महान योगी हैं, जो भौतिक सुख-सुविधाओं से दूर रहते हैं। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, जो ठंड और कठोरता का प्रतीक है। उनके शरीर पर भस्म लगी होती है, जो यह दर्शाती है कि सांसारिक मोह-माया का अंत निश्चित है। वे यह संदेश देते हैं कि जीवन का असली आनंद भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि संतोष में है। आधुनिक समय में हम एक उपभोक्तावादी संस्कृति में जी रहे हैं, जहां हर कोई अधिक से अधिक भौतिक सुख-साधनों की लालसा रखता है। इस लालसा का कोई अंत नहीं है, और अंततः यह मानसिक अशांति और सामाजिक असंतुलन को जन्म देती है। शिव का दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, न तो पूरी तरह भौतिकता में डूबना सही है और न ही पूरी तरह से विमुख होना। शिव का जीवन मितव्ययिता और श्रम की महत्ता को दर्शाता है। उनकी विचारधारा हमें यह सिखाती है कि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण होना चाहिए और श्रम को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

यदि हम इस दर्शन को अपनाएं तो धन और संसाधनों का अधिक समान वितरण सुनिश्चित कर सकते हैं। भगवान शिव केवल एक देवता नहीं हैं, वे एक संपूर्ण जीवन दर्शन हैं। शिव को त्याग, संतुलन और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वे उन आदर्शों को प्रस्तुत करते हैं, जो किसी भी समाज, अर्थव्यवस्था और शासन प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि शक्ति का सही उपयोग समाज कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए। वे त्याग, तपस्या, न्याय और संतुलन के प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व जितना सरल है, उतना ही गूढ़ भी। वे संहार करते हैं, लेकिन केवल तभी जब समाज में अन्याय, अधर्म और अराजकता अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। शिवजी को नीलकंठ कहा जाता है क्योंकि उन्होंने समुद्र मंथन से निकले विष को अपने गले में धारण किया था। यह विष सम्पूर्ण संसार को नष्ट कर सकता था, लेकिन शिव ने उसे अपने भीतर समाहित कर लिया ताकि समाज सुरक्षित रहे। इस घटना का गहरा सांकेतिक अर्थ है। यह हमें बताता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए, बुराइयों को समाप्त करने के लिए, सही नेतृत्व आवश्यक है। एक ऐसा नेतृत्व जो बलिदान देने को तैयार हो, जो समाज के कल्याण के लिए स्वयं कष्ट उठाने से न हिचके। राजनीतिक दृष्टि से शिव नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे न्यायप्रिय हैं, लेकिन जब अन्याय अपनी सीमा पार कर लेता है, तो वे कठोर निर्णय लेने में संकोच नहीं करते। यह दृष्टिकोण प्रशासन के लिए एक आदर्श हो सकता है, जहां निर्णय न्याय और नीति के आधार पर लिए जाएं। वे सत्ता और शक्ति का उपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने के लिए करते हैं। वे दंड और प्रेम का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि हम शिव के विचारों को आत्मसात करें, तो एक अधिक न्यायसंगत, संतुलित और समावेशी समाज का निर्माण संभव है। उनके दर्शन में केवल अतीत की शिक्षाएं नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की समस्याओं के समाधान भी छिपे हैं। आज जब विश्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब हमें शिव के संतुलन, न्याय और कर्मशीलता के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन में सफलता पाने मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी




संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहाँ से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडो को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## शिव प्रतिमा का निर्माण



पश्चिम बंगाल के नादिया में शुक्रवार को एक वर्कशॉप में शिवरात्रि से पहले एक कारीगर भगवान शिव के मिट्टी की प्रतिमा को अंतिम आकार देते हुए।

## आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो।

- सतीश चौबे, भिलाई

## ट्रेंड

### समृद्ध राष्ट्र की नींव



आर्थिक प्रगति से समृद्धि बढ़ती है तथा तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। लेकिन नैतिकता-विहीन आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन पैदा कर सकते हैं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### हर रोज नया बहाना



संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली नहीं, उसकी पहचान बन चुकी है। नेता प्रतिपक्ष होते हुए भी राहुल गांधी ने जिम्मेदारी का नहीं, अराजकता का रास्ता चुना है। झूठ बोलो और बार-बार बोलो की राजनीति अब उनकी राजनीतिक पहचान है।

**- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं



एफआईआर हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं - मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोज़ी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन नए भारत की आधुनिक कार्य संस्कृति का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय का एक ही छत के नीचे आना 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को चरितार्थ करेगा।

**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान में नौ शेर व दो जिराफ को दया मृत्यु दी गई



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में असाध्य वंशानुगत बीमारियों से पीड़ित नौ शेरों और दो जिराफों को 'दया मृत्यु' दे दी गई। लाहौर सफारी पार्क में लगभग 30-40 शेर हैं, जबकि जिराफों की यह जोड़ी अक्टूबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई थी। वन्यजीव विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि नौ में से सात शेर सफारी पार्क के थे, जबकि दो स्थानीय चिड़ियाघरों से लाए गए थे। पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगज़ेब ने कहा कि बीमार शेरों को पशु चिकित्सकों की सलाह पर प्रांत के विभिन्न चिड़ियाघरों से लाहौर सफारी पार्क भेजा गया था। मंत्री ने एक बयान में कहा, /"कुछ शेर असाध्य वंशानुगत बीमारियों से ग्रस्त थे, जबकि कुछ ऐसे रोग से पीड़ित थे जिनका कोई प्रभावी इलाज संभव नहीं था।/" उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों की एक समिति ने इन मामलों की समीक्षा की थी। मंत्री ने कहा, /"लाइलाज बीमारियों से पीड़ित पशुओं को आगे की पीड़ा से बचाने के लिए 'दया मृत्यु' देना वैश्विक स्तर पर मानक प्रथा है और पाकिस्तान के वन्यजीव कानूनों में भी इसका प्रावधान है।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राहुल गांधी न तो लोकतांत्रिक मर्यादा को मानते हैं और न संसद की नियमावली: भाजपा

## राहुल गांधी ने पेगासस, सोरोस और सेना जैसे मुद्दों पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया: रविशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रवि शंकर प्रसाद ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अलोकतांत्रिक आचरण की जमकर आलोचना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी विदेशों में भारत की छवि धूमिल करते रहे हैं। राहुल गांधी ने पेगासस, सोरोस और सेना जैसे मुद्दों पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया तथा संसद में प्रधानमंत्री की सीट घेरने के लिए सांसदों को उकसाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने वंदे मातरम, संघ और राष्ट्रीय मुद्दों पर कांग्रेस के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल को आत्ममंथन करना चाहिए।

प्रसाद ने कहा कि आज संसद की कार्रवाई 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। राहुल गांधी की अगुवाई में और उनके द्वारा उत्तेजना के माध्यम से कांग्रेस के लोगों का जो आचरण रहा है, उससे यह स्पष्ट होता है कि राहुल गांधी स्वयं लोकतांत्रिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक शुचिता, संवैधानिक मर्यादा और संसद की नियमावली, इनमें से किसी को भी नहीं मानते। उनका रवैया मानो यह हो कि जो उनके मन में आएगा, वही करेंगे। इसी प्रवृत्ति का परिणाम है कि उनकी पार्टी की स्थिति सबके सामने है। जिस दिन वे संसद में खुराफात कर रहे थे, उसी दिन महाराष्ट्र के जिला परिषद के परिणाम आ रहे थे, जहां कांग्रेस पार्टी साफ हो गई और नगर निगमों में भी उसका यही हाल रहा। बेहतर होता कि वे अपनी पार्टी की चिंता करते, लेकिन यह अत्यंत चिंताजनक है कि राहुल गांधी का पूरा राजनीतिक आचरण अब अराजकता का प्रतीक बनता जा रहा है। न नियमों का सम्मान करते हैं, न संसदीय प्रक्रिया का सम्मान करते हैं, न संवैधानिक मर्यादा का और न ही लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल के आचरण पर बात करने से पहले कुछ बातें याद करना आवश्यक है। यह स्मरण किया जाना चाहिए कि उन्होंने सोरोस के पेपर को लेकर किस प्रकार दुनिया में भारत को बदनाम करने का प्रयास किया, जबकि वह स्वयं उन तथ्यों से पीछे हट गए और उस पेपर की कोई विश्वसनीयता नहीं रही। यह भी स्पष्ट था कि उसे कौन फंड कर रहा था और फंड करने वालों का एंटी-इंडिया एजेंडा पूरी तरह स्पष्ट था। पेगासस का मुद्दा भी इसी प्रकार उठाया गया और मोबाइल फोन को लेकर देशभर में अभियान चलाया गया। जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिनको शिकायत है वे अपना मोबाइल जमा करें, तब उन्होंने अपना मोबाइल भी नहीं दिया। इससे पहले वे अमेरिका, लंदन, मलेशिया और सिंगापुर गए और जहां-जहां गए, वहां कहा कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है। विदेशों में भारत के लोकतंत्र को बदनाम करना उनकी आदत बन गई है और इसका एक ही कारण है, वे प्रधानमंत्री से नफरत करते हैं कि वे कैसे प्रधानमंत्री बन गए। यदि उन्हें जनता का वोट नहीं मिलता, तो उसमें कोई क्या कर सकता है?

## हरियाणा यूरोपियन व्यापार संघ की नई दिल्ली में बैठक में मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# व्यापार के नए अवसर, हरियाणा-यूरोपीय संघ वर्किंग ग्रुप की होगी स्थापना, उद्यमी इसका लाभ लें: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीएम का आह्वान- भारत और यूरोपियन संघ के साथ हुए समझौते से खुले व्यापार के नए अवसर



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा भारत और यूरोपियन संघ के साथ हुए भारत-यूरोपियन मुक्त व्यापार समझौते ने प्रदेश के लिए व्यापार के नए अवसर खोल दिए हैं। उन्होंने हरियाणा के उद्यमियों से इस समझौते का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा-यूरोपियन संघ वर्किंग ग्रुप की स्थापना करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली में हरियाणा यूरोपियन व्यापार संघ की बैठक में बोल रहे थे।

सैनी ने कहा कि भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच उभरता आर्थिक और रणनीतिक सहयोग केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं है। यह हमारी सभ्यताओं, सशक्त लोकतांत्रिक परंपराओं और दूरदर्शी विकास यात्राओं के बीच विश्वास, साझेदारी और साझा भविष्य का सेतु है। यह समझौता हमारे संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला एक ऐतिहासिक अध्याय है। यूरोपीय संघ के 27 देशों का यह विशाल और समृद्ध बाजार विश्व के सर्वोच्च गुणवत्ता मानकों और क्रय-शक्ति के लिए जाना जाता है। इस ऐतिहासिक समझौते के माध्यम से अब हरियाणा और भारत के उत्पादों के लिए यूरोप के द्वार पूरी तरह खुल चुके हैं। हमारे उद्यमों, हमारे किसानों और हमारे युवाओं के लिए यह एक नया बाजार ही नहीं, बल्कि नए अवसरों का महासागर है। इसमें संभावनाओं की अनंत लहरें समाहित हैं। हमें इसका लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम अपने सामान की गुणवत्ता पर ध्यान दें, ताकि हमारे सामान पर विश्वास जमें। इससे दुनिया भर में हमारे सामान की विश्वनीयता बढ़ेगी। भारत-ईयू समझौता से आईटी सेवाएं, डेटा विज्ञान और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में यूरोप में आपके कौशल की मांग बढ़ेगी। लाखों उच्च-स्तरीय रोजगार के अवसर आपके लिए उपलब्ध होंगे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए भी यह समझौता आशा की नई किरण है। अब हरियाणा के फल, सब्जियां और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद सीधे यूरोप के प्रमुख बाजारों तक पहुंचेंगे। ब्रुसेल्स, बर्लिन और पेरिस के सुपरमार्केट में जब हमारे किसानों की मेहनत दिखाई देगी। हमारे राज्य की वास्तविक शक्ति हमारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में निहित है। यूरोपीय तकनीक और हरियाणा के कुशल श्रम मिलकर हमारी उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता को वैश्विक स्तर तक पहुंचाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। उस ओर तेजी से कार्य हो रहा है। वहीं 2047 में हरियाणा की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन खड़ा करना है, इसके लिए सभी प्रदेशवासियों का योगदान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस यूरोपियन व्यापार समझौते का सबसे महत्वपूर्ण पहलू शून्य सीमा शुल्क व्यवस्था है। इसके अंतर्गत हमारे कपड़ा, चमड़ा और हस्तशिल्प उद्योगों को अब भारी करों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे हमारे उत्पाद यूरोप में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध होंगे और हमारे निर्यात में 30 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है। यह वृद्धि हमारे बुनकरों, कारीगरों और लघु उद्यमियों के जीवन में समृद्धि का प्रकाश लेकर आएगी। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के क्षेत्र में भी यह समझौता हमारे लिए नए खोलेगा। ऑटोमोबाइल, नवीकरणीय ऊर्जा और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों की अग्रणी यूरोपीय कंपनियां हरियाणा को अपना मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए आगे आएंगी।

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2026 में हुआ भारत-यूरोपियन मुक्त व्यापार समझौता हमारे इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। हरियाणा जिसे देश का उद्योगिक इंजन माना जाता है, इस ऐतिहासिक समझौते के तहत यूरोप के लिए रेड कारपेट बिछाने के लिए तैयार है। हरियाणा सरकार का लक्ष्य विकसित हरियाणा बनाना है और प्रदेश को ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाना है।

हमारी सरकार मेक इन हरियाणा इंडसट्रियल पॉलिसी लाने जा रही है। इसका मूल मंत्र यूरोपियन गुणवत्ता और भारतीय प्रतिभा का संगम है। हरियाणा के पास प्रतिभा, भूमि और एक मजबूत औद्योगिक इको सिस्टम है।

इस बैठक में पहुंचे उद्यमियों व निवेशकों ने अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग, एचएसआईआईडीसी के सीसीआई सुनील शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंत्री डॉ. अरविंद ने दिल्ली में गृहमंत्री शाह से की भेंट

## सहकारिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कार्यालय में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने तथा सहकारिता को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुलाकात के दौरान सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, संस्थागत संरचनाओं के सशक्तीकरण, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने सहित किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के समग्र विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा हुई। डॉ. अरविंद शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मूल्यवान सुझावों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.PC.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **शीषक अग्रवाल, पुत्रः** राजेन्द्र अग्रवाल, **पताः** मकान न.– ए–194, न्यू फैंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली, **पता– ऑफिस :** बी–25/2, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस–2, नई दिल्ली, **और भी :** फार्म–16, डैफोडिल लेन, छत्तरपुर, नई दिल्ली, **और भी :** ए टी–एस–206, प्रथम तल, पंचशील पार्क, नई दिल्ली, ने **Case No.: 11129/2018, U/s: 138 NI Act,** थानाः **करोल बाग, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **शीषक अग्रवाल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **शीषक अग्रवाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case No.: 11129/2018, U/s: 138 NI Act,** थानाः **करोल बाग, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **शीषक अग्रवाल,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उर्वी गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट–01)
केन्द्रीय जिला, कमरा न. 201, ऐनेक्स–II
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/2007/CD/2026
(Court Matter)


# डीएमके सांसद मारन 23 फरवरी को अदालत में खुद हाजिर हों

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर



उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। एक बयान में मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं, जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इसके बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई। मामले में परिवादी एवं सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने अदालत में परिवाद दायर किया।

## भाजपा हिंदुत्व का पाठ न पढ़ाए एआईएमआईएम से गठबंधन...

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय जाधव ने परभणी महापौर चुनाव को लेकर भाजपा के 'औरंगजेब' वाले कटाक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदुत्व का पाठ नहीं पढ़ाना चाहिए, क्योंकि उसने 2 नगर परिषदों में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ हाथ मिलाया था। भाजपा ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की परभणी नगर निगम में महापौर पद के लिए पार्टी पार्षद सैयद इकबाल को नामित करने के लिए आलोचना की थी।

## 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर जेपीसी से बोले पूर्व सीजेआई

# इससे न संविधान का उल्लंघन होगा और न ही संघवाद को दिक्कत होगी

यह 'संसद की क्षमता के तहत है'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पूर्व चीफ जस्टिस बीआरगवई ने वन नेशन वन इलेक्शन वाले बिल का समर्थन किया है। पूर्व सीजेआई ने इस विधेयक की पड़ताल कर रही संयुक्त संसदीय समिति से गुरुवार को कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन बिल न तो संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है और न ही इससे संघवाद या लोकतांत्रिक शासन वाले ढांचे पर ही कोई प्रभाव पड़ेगा। एक देश एक चुनाव विधेयक भारत में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक ही साथ करवाने के लिए लाया गया है।

### सिर्फ एक चुनावी साइकिल को दुरुस्त करना होगा



भाजपा सांसद पीपीचौधरी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी ) के सामने जस्टिस गवई ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव करवाने के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के सिर्फ एक चुनावी साइकिल को दुरुस्त करना पड़ेगा।

### कुछ भी नहीं बदलेगा

उन्होंने विधेयक की संवैधानिक वैध्यता का समर्थन करकहा कि इसके लागू होने से इनमें से कोई भी न बदलेगा। जेपीसी चेयरमैन ने कहा कि प्रस्ताव 'संसद की क्षमता के तहत है'।

## कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आज करेगा राष्ट्रीय सम्मेलन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 14 फरवरी को विज्ञान भवन में 'कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एसएचई-बॉक्स)' का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्यों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, आंतरिक स्थानीय समिति के अध्यक्षों और सदस्यों, नोडल अधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, उद्योगपतियों, नागरिक समाज प्रतिनिधियों, मीडिया आदि की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। यह सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सुरक्षित, गरिमापूर्ण और उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थलों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकने का प्रयास है।

## सरकार ने संसद में दी अहम जानकारी, कर्मचारियों को होगा लाभ

# ईपीएफओ 3.0 में अब 3 दिन में होगा क्लेम सेटलमेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 के जरिए मेंबर्स को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। सरकार ने संसद में बताया है कि नए सिस्टम के लागू होने के बाद पीएफ से जुड़े क्लेम का निपटारा 20 दिन की जगह सिर्फ 3 दिन में हो सकेगा। यह प्रक्रिया ऑटो मोड में होगी। ईपीएफओ 3.0 को संगठन का बड़ा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इसका मकसद मेंबर्स और संस्थानों दोनों के लिए सर्विसेज को आसान और तेज बनाना है।




## मंत्री ने बताया नई सुविधाएं इसी साल लॉन्च



### सही क्लेम अपने आप निपट जाएंगे

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलजे ने बताया कि जो क्लेम रिस्क मैनेजमेंट से जुड़े जरूरी चेक और वैलिडेशन को पूरा कर लेंगे, उन्हें ऑटो मोड में प्रोसेस किया जाएगा। सिस्टम में ऐसीजांच होंगी, जिनसे सही पाए गए क्लेम अपने आप निपटा दिए जाएंगे।

### एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

इसका एक बड़ा फायदा यह भी होगा कि मेंबर्स को अलग-अलग सर्विसेज के लिए अलग-अलग सिस्टम पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पीएफ अकाउंट से जुड़ी जानकारी, क्लेम प्रोसेसिंग समेत तमाम सर्विसेज एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी।

### इसके साथ ही शिकायतों पर भी रहेगी नजर

सरकार ने संसद में यह भी बताया कि नए फीचर्स कितने असरदार तरीके से लागू किए जा रहे हैं, इस पर नजर रखने के लिए पूरे सिस्टम की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इसके तहत जोनल और फील्ड ऑफिस स्तर पर शिकायतों के निपटारे की क्वॉलिटी और संख्या दोनों की जांच की जाती है। साथ ही समस्याओं की जड़ तक जाकर सिस्टम में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं, ताकि आगे चलकर क्लेम प्रोसेसिंग और तेज हो सके।


## फ्रिक इंडिया लिमिटेड

CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद–121003
Telephone No. 01292275691-94 Email: fbd@frickmail.com Website: www.frickweb.com

**31.12.2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31/12/2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30/09/2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31/12/2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31/03/2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| | आय | | | | |
| I | प्रचालनों से आय | 13,391.07 | 10,004.36 | 30,914.93 | 43,694.44 |
| II | अन्य आय | 306.23 | 214.02 | 948.68 | 1,068.15 |
| III | **कुल आय (I+II)** | **13,697.30** | **10,218.38** | **31,863.61** | **44,762.59** |
| IV | व्यय | | | | |
| | उपभोग की गई सामग्रियों की कीमत | 10,298.84 | 7,544.27 | 23,419.52 | 28,765.51 |
| | तैयार सामान, चालू कार्य और स्टॉक इन ट्रेड की इनवेंट्रीज में परिवर्तन | (896.42) | (665.01) | (2,084.34) | 577.95 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,656.12 | 1,640.87 | 4,883.62 | 6,327.33 |
| | वित्तीय लागत | 56.85 | 47.23 | 179.24 | 264.21 |
| | अवमूल्यन एवं अमोर्टाइजेशन व्यय | 108.59 | 105.26 | 312.44 | 333.62 |
| | अन्य व्यय | 1,037.81 | 915.42 | 2,760.59 | 3,875.31 |
| | **कुल व्यय (IV)** | **12,261.79** | **9,588.04** | **29,471.07** | **40,143.93** |
| V | कर और असाधारण मदों से पूर्व लाभ (III-IV) | **1,435.51** | **630.34** | **2,392.54** | **4,618.66** |
| VI | असाधारण मदें (टिप्पणी नं. 3 देखें) | **322.36** | - | **322.36** | - |
| VII | कर और संयुक्त उपक्रम (हानि) के शेयर से पूर्व लाभ (V-VI) | **1,113.15** | **630.34** | **2,070.18** | **4,618.66** |
| VIII | संयुक्त उपक्रम (हानि) का शेयर | **(3.41)** | **(9.20)** | **(12.62)** | **(18.10)** |
| IX | कर से पूर्व लाभ (VII+VIII) | **1,109.74** | **621.14** | **2,057.56** | **4,600.56** |
| X | कर व्यय | | | | |
| | ए) वर्तमान कर | 358.39 | 174.38 | 600.12 | 1,215.00 |
| | बी) विलम्बित कर | (73.17) | 17.86 | (47.16) | (70.80) |
| | सी) पूर्ववर्ती वर्षों हेतु आयकर | - | - | - | (9.22) |
| | कुल कर (X) | **285.22** | **192.24** | **552.96** | **1,134.98** |
| XI | अवधि हेतु कर के बाद लाभ (IX-X) | **824.52** | **428.90** | **1,504.60** | **3,465.58** |
| XII | अन्य व्यापक आय (करों का शुद्ध) | | | | |
| | ए. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं की जाएंगी : | 55.69 | (3.92) | 47.84 | (15.71) |
| | (ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा : | (14.02) | 1.00 | (12.03) | 3.95 |
| | बी. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत की जाएंगी : | - | - | - | - |
| | (ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा : | - | - | - | - |
| | कुल अन्य व्यापक आय (XII) | **41.67** | **(2.92)** | **35.81** | **(11.76)** |
| XIII | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (XI+XII) | **866.19** | **425.98** | **1,540.41** | **3,453.82** |
| XIV | अन्य इक्विटी | | | | 30,219.71 |
| XV | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 |
| | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (रु. / शेयर) | | | | |
| | ए) बेसिक ईपीएस – वार्षिकृत नहीं | 13.74 | 7.15 | 25.08 | 57.76 |
| | बी) डायल्यूटिड ईपीएस – वार्षिकृत नहीं | 13.74 | 7.15 | 25.08 | 57.76 |

**टिप्पणी :–**

1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और इनकी 13.02.2026 को आयोजित सम्बन्धित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये और रिकार्ड पर ले लिए गए हैं और इसकी एक सीमित समीक्षा कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
2. कम्पनी प्राथमिक तौर पर इंडस्ट्रीयल रेफ्रीजरेशन और एयरकंडीशनिंग सिस्टम्स के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के बिजनेस में लगी हुई है। चूंकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिम व वापसी के उसी प्रकार के सैट द्वारा अधिशासित है, अतः IND AS 108 "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" के अनुसार केवल एक रिपोर्टेबल सेगमेंट है।
3. 21 नवम्बर 2025 से प्रभावी, भारत सरकार ने समेकित मल्टीपल मौजूदा श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में शामिल करते हुए एक यूनिफाइड फ्रैम वर्क बनाया है जिसको सामूहिक रूप से 'नई श्रम संहिताएं' के तौर पर संदर्भित किया गया है। यद्यपि, इन नई श्रम संहिताओं के तहत अनुकूल नियमों को अभी अधिसूचित किया जाना है। कम्पनी ग्रेच्यूटी के कारण पूर्व सेवा लागत का आकलन और रिकॉर्ड कर चुकी है और रु. 322.36 लाख के मुआवजे की अनुपस्थिति है और इसको 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और अवधि के इसके समेकित वित्तीय परिणामों में एक असाधारण मद के तौर पर घोषित किया है। कम्पनी नई श्रम संहिताओं के कुछ पहलुओं पर भारत सरकार से स्पष्टीकरणों और केन्द्रीय / राज्य नियमों को अन्तिम रूप देने के लिए मॉनिटर करना जारी रखे हुए है और इस सम्बन्ध में अनुवर्ती प्रबंधन निर्णयों और ऐसे डॅवलपमेंट्स पर आधारित उपयुक्त लेखा प्रभाव प्रदान करेगी।
4. "पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान, फ्रिक इंडिया लिमिटेड (एफआईएल) ने 13 जनवरी 2025 को मै. मायेकावा मैनुफैक्चरिंग कं. लि., जापान (मायेकावा) के साथ संयुक्त उपक्रम एग्रीमेंट कर चुकी है और एक नई कम्पनी माइकॉम-एफआईएल इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एक ज्वाइंट वेंचर एनटीटी) (जेवी कम्पनी) के रूप में निगमित हुई है जिसकी शेयर होल्डिंग 27 फरवरी 2025 को मायेकावा-51% और एफआईएल-49% के अनुपात में है। 31 दिसम्बर 2025 के अनुसार जेवी कम्पनी का कुल भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल रु. 5,000.00 लाख है और 31 दिसम्बर 2025 तक एफआईएल द्वारा किया गया निवेश रु. 2450 लाख है। उपरोक्त पर विचार करते हुए, 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु समेकित आंकड़े नहीं दिये गये हैं क्योंकि उस अवधि के दौरान कोई ज्वाइंट वेंचर नहीं था।"
5. पूर्ववर्ती अवधियों / वर्ष हेतु आंकड़े आवश्यकतानुसार रिग्रुप्ड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।

कृते व बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00383412

दिनांक : 13.02.2026
स्थान : दिल्ली

### दोनों टीमों का 7 साल बाद हुआ आमना-सामना

# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद हराया, बेनेट ने खेली अर्धशतकीय पारी




एजेंसी ▶▶ कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर हुआ। कोलंबो में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद टी20 में हराया। इससे पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में केपटाउन में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

दोनों टीमों का क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में 7 साल बाद आमना-सामना हुआ। इससे पहले हरारे में 2018 में खेले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को हराया था। कुल 4 बार दोनों टीमों का मुकाबला हुआ है और दोनों को दो-दो जीत मिली है। कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट के नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर 2 विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.2 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई।

### यह अविश्वसनीय है : रजा

जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर जीत को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। रजा ने कहा,' बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं, जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं।' उन्होंने कहा ,' बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की।

### हम दबाव से उबर नहीं सके : हेड

आस्ट्रेलियाई कप्तान हेड ने कहा, शुरुआत में हमें लगा था कि यह एक बेहतरीन विकेट है। हमने सोचा था कि यह दोनों पारियों में एक जैसा रहेगा। लेकिन बाद में यह मुश्किल हो गया और हमने लगातार अंतराल पर जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसके चलते हम पर दबाव आ गया। हम उस दबाव से उबर नहीं सके और फिर मैच में पीछे होते चले गए।

## अमेरिका ने नीदरलैंड को 93 रन से हराया

■ साईतेजा का अर्धशतक व हरमीत ने 4 विकेट लिए

**चेन्नई।** अमेरिका ने साईतेजा मुक्कमल्ला (79 रन) के अर्धशतक और बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह (21 रन देकर चार विकेट) के चार विकेट की मदद से शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड को 93 रन से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। अमेरिका की यह नीदरलैंड पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली जीत है। मुक्कमल्ला और अंत में शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी से अमेरिका ने छह विकेट पर 196 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुक्कमल्ला की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े थे। फिर पूर्व भारतीय अंडर-19 स्टार हरमीत के चार ओवर में चार विकेट और शाडली वान शाल्कविक के 2.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट झटकने से अमेरिका ने नीदरलैंड को 15.5 ओवर में महज 103 रन पर समेट दिया। हरमीत का यह प्रदर्शन अमेरिका के लिए टी20 विश्व कप मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। मोहम्मद मोहसिन ने तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके। बाएं हाथ के स्पिन नोसतुश केंजिगे को भी एक विकेट मिला। नीदरलैंड का कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सका। उसके लिए बास डि लीडे 23 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा कप्तान स्कॉट एड्वड्र्स ने 20 रन का योगदान दिया। इससे पहले मुक्कमल्ला ने कप्तान मोनंक पटेल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन और मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर रंजने (24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन जोड़े।

### भारत-पाकिस्तान मैच में बारिश की आशंका

भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच का मजा बारिश बिगाड़ सकती है। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में भिड़ने वाली हैं, लेकिन इस दिन शहर के 60% इलाकों में बारिश का अनुमान है। अगर ऐसा हुआ तो फैंस क्रिकेट की बड़ी राइवलरी को मिस कर देंगे। टीम इंडिया 13 फरवरी रात कोलंबो पहुंची। वहीं पाकिस्तान टीम अपने सभी मैच कोलंबो में ही खेल रही है। पाक टीम ने अमेरिका और नीदरलैंड को शुरुआती मुकाबले हराए। वहीं भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया।

# यूएई ने कनाडा को पांच विकेट से हराया

## हर्ष की फिफ्टी, जुनैद की शानदार बॉलिंग

### ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर यूएई




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूएई ने कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 20वें मुकाबले को 5 विकेट से जीता। इस जीत के साथ यूएई ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की टीम ने 7 विकेट खोकर 150 रन बनाए। इस टीम ने 38 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। हर्ष ठाकर ने नवनीत धालीवाल के साथ 58 रन की साझेदारी की। नवनीत 34 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद हर्ष ने श्रेयस मोव्वा के साथ 33 रन जोड़ते हुए टीम को 129 के स्कोर तक पहुंचाया। श्रेयस 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि हर्ष ने 50 रन की पारी खेली। कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 11 रन बनाया। विपक्षी खेमे से जुनैद सिद्दीकी ने 4 ओवरों में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि मुहम्मद जवादुल्लाह ने 1 विकेट निकाला।

### यूएई ने 19.4 ओवरों में दर्ज की जीत

इसके जवाब में यूएई की टीम ने 19.4 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम ने 12 के स्कोर पर कप्तान मुहम्मद वसीम (4) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद आर्यांश शर्मा ने अलीशान शराफू (5) के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। यह टीम 66 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी, जहां से आर्यांश ने शोएब खान के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रन जोड़ते हुए टीम को 150 के स्कोर तक पहुंचाया। आर्यांश 74 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शोएब खान ने 51 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से साद बिन जफर ने 14 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि कलीम और जसरकरण सिंह को 1-1 सफलता हाथ लगी।

## खबर संक्षेप




### पीजीटीआई लीग नीलामी में शामिल होंगे 170 गोल्फर

**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) की प्रमुख लीग '72 द लीग' की सोमवार को होने वाली पहली नीलामी में 11 देशों के 170 पेशेवर गोल्फर हिस्सा लेंगे। इस लीग में गोल्फरों के लिए कुल 60 स्थान उपलब्ध होंगे, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक अपनी-अपनी टीमों के लिए 10 खिलाड़ियों का चयन करेगी। नीलामी की कुल राशि छह करोड़ रुपए है। पीजीटीआई ने यह लीग गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्स (जीओएलएस) के सहयोग से शुरू की है। लीग 21 फरवरी को शुरू होगी और इसका फाइनल छह मार्च को खेला जाएगा। नीलामी के लिए जिन 170 गोल्फर ने अपना नाम दर्ज कराया है, उन्हें तीन श्रेणियों प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर में रखा गया है।

### हम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने को तैयार: हैनरी

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबलों को कड़ा बताते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हैनरी ने कहा कि दोनों टीमों के बीच लंबे समय से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में एक नया आयाम जोड़ेगी, जिससे ग्रुप के विजेता का फैसला हो सकता है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप डी में अभी हार नहीं मिली है। दोनों टीम के बीच मैच अक्सर कड़े होते हैं। हैनरी ने माना कि इतिहास और खेल संस्कृति ने इस मुकाबले की प्रतिद्वंद्विता को बनाने में अपनी भूमिका निभाई है। हैनरी ने कहा, 'आप हमेशा सबसे अच्छी टीम के साथ खेलना चाहते हैं।

### अगला मैच खेल सकते हैं अभिषेक : वरुण

**नई दिल्ली।** वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। अभिषेक अस्वस्थ होने के कारण गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। पेट के संक्रमण के कारण उन्हें दो दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चक्रवर्ती ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज बेहतर महसूस कर रहा है और उन्हें लगता है कि अगला मैच खेल सकता है।

# राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान बने रियान पराग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल 2026 के लिए रियान पराग को अपना नया कप्तान बनाया है। यह घोषणा पूर्व कप्तान संजू सैमसन के ऑक्शन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में ट्रेड होने के बाद हुई है, जिसके साथ उनके चार सीजन के कार्यकाल का अंत हो गया। साल 2008 से अब तक कुल 7 कप्तानों ने राजस्थान रॉयल्स को लीड किया है। एक खिताब जीतने के बाद इस फ्रेंचाइजी ने छह बार नॉकआउट में प्रवेश किया है। दिलचस्प बात यह है कि टूर्नामेंट के इतिहास में सिर्फ ऑस्ट्रेलियाई और भारतीयों ने ही इस टीम की कमान संभाली है। रियान पराग लीडरशिप रोल से वाकिफ हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में बतौर स्टैंड-इन कैप्टन अपना रोल निभाया है। जब पराग ने 23 मार्च 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को लीड किया, तो वह राजस्थान रॉयल्स के इतिहास में सबसे युवा कप्तान और आईपीएल में कुल मिलाकर पांचवें सबसे युवा कप्तान बने थे। आईपीएल 2025 में रियान पराग ने 8 मुकाबलों में कप्तानी की, जिसमें दो जीत और छह हारे। अब आईपीएल 2026 के लिए पराग फुल-टाइम कैप्टन का रोल निभाएंगे।

### पाकिस्तान के खिलाफ कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी। नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने कहा, 'हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया।

# सतेंद्र ने कुक जलडमरुमध्य किया पार, बने पहले एशियाई पैरा तैराक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड में कुक जलडमरुमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले 38 वर्षीय लोहिया को 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। लोहिया ने कहा, 'ऐतिहासिक उपलब्धि। न्यूजीलैंड में कुक जलडमरुमध्य पर जीत। दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरुमध्य को अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक पार करने के बाद आज मैं बेहद भावुक और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पहली बार एशिया के किसी पैरा तैराक ने कुक जलडमरुमध्य को पार किया है।'



### 9 घंटे और 22 मिनट में हासिल की उपलब्धि

अधिकारियों के अनुसार यह पैरा तैराक जनवरी के तीसरे सप्ताह में न्यूजीलैंड पहुंचा और वहां उन्होंने बेहद ठंडे पानी में कड़ा अभ्यास किया। उन्होंने नौ घंटे और 22 मिनट में 23.6 किलोमीटर तैरकर यह उपलब्धि हासिल की। डायरिया का उचित इलाज नहीं हो पाने के कारण लोहिया बचपन में ही दिव्यांग हो गए थे। उन्होंने 2017 में समुद्री तैराकी का अपना सफर शुरू किया था। वह इंग्लिश चैनल को भी पार कर चुके हैं।

# ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए द.अफ्रीका-न्यूजीलैंड का मुकाबला

आज शाम 7 बजे से अहमदाबाद में भिड़ेंगी दो दिग्गज टीम

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को जब दोनों टीम आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं।

न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान को छह विकेट पर 186 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट के 65 रन तथा ग्लेन फिलिप्स (42), मार्क चैपमैन (28) और डैरिल मिशेल (नाबाद 25) के योगदान की बदौलत 17.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर दिया। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। उसने केवल 15.2 ओवरों में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था।

### पाक गेंदबाज का एक्शन बना विवाद का विषय




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं, जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है। तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया।

CENTRAL INSTITUTE OF PETROCHEMICALS ENGINEERING & TECHNOLOGY (CIPET)
(Department of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)
DCRUST Campus, 50th Mile Stone, NH-1, Murthal, Dist - Sonepat, Haryana - 131 039.
E-mail: murthal@cipet.gov.in, Website: www.cipet.gov.in
with the Support of
सिपेट CIPET
OFFICE OF THE DEVELOPMENT COMMISSIONER (MSME)
(Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises, Govt. of India)
ORGANISES AND INVITES APPLICATION FOR
Enterpreneurship and Skill Development Programme (ESDP) on "Plastics Processing Techniques & Quality Control"
NO FEES | Duration 6 Weeks | Intake 30 Seats
Date of Commencement : 16/02/2026
Date of Completion : 27/03/2026
Objective :
● To promote new enterprises.
● To inculcate entrepreneurial culture in the country.
● To impart Skill training to prospective and existing entrepreneurs.
Training Contents : • Plastic Materials and Properties • Plastics Processing Techniques • Advanced Processing & Secondary Operations • Quality Control & Testing Standards • Industrial Visit.
Preference will be given to the candidates from SC, ST, Women, Ex-Service Person of Defence Forces, Differently abled and BPL Category persons
SCHEME IS APPLICABLE FOR ASPIRING AND EXISTING ENTREPRENEURS
For Registration : 7678329863, 7355888612, 7869955241
Advt. No. 2025-26/25



### आयरलैंड को झटका, कप्तान स्टर्लिंग नहीं खेल पाएंगे विश्वकप

**कोलंबो।** आयरलैंड को ओमान के खिलाफ ग्रुप मैच से पहले करारा झटका लगा जब उसके कप्तान पॉल स्टर्लिंग घुटने की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। स्टर्लिंग को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को हुए मैच में एक कैच लेते हुए दाहिने घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए तेजी से एक रन लेने के प्रयास में वह चोट और गंभीर हो गई। टी20 विश्व कप इवेंट तकनीकी समिति ने स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने को मंजूरी दे दी है।

### जिम्बाब्वे के टेलर चोट के कारण विश्व कप से बाहर

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर एक ग्रुप मैच के दौरान लगी चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह टीम में बेन कुरेन को शामिल किया गया। चालीस वर्षीय टेलर 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेले गए मैच में चोटिल होने के कारण मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए थे। जिम्बाब्वे ने यह मैच आठ विकेट से जीता था। कप्तान सिकंदर रजा ने कहा, 'ब्रेंडन टेलर को चोट लग गई है और वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाएंगे।' टी20 विश्व कप की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम के भाई शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेन कुरेन को टेलर की जगह लेने की मंजूरी दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू उर्फ चक्का** पुत्र सुभाष चंद्र निवासी सी–1, गली नं. 7, भोला मंदिर, जनता एन्क्लेव फेज–।। के पास, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 135/2015 धारा 324/34 भा.द.स., थाना अमन विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजू उर्फ चक्का** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजू उर्फ चक्का** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 135/2015 धारा 324/34 भा.द.स., थाना अमन विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ चक्का** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.03.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री शगुन,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी –06, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 109,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1881/RD/2026

**आईएसटी लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः धारूहेड़ा इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स, दिल्ली–जयपुर हाईवे नंबर 8, कापरीवास, धारूहेड़ा, रेवाड़ी (हरियाणा)–123106
प्रधान कार्यालयः ए–23, न्यू ऑफिस कॉम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024
सीआईएनः L33301HR1976PLC008316 फोनः 011–41044511–14; फैक्सः 011–24625694; ईमेलः lstgroup.ho@gmail.com; वेबसाइटः www.istindia.com

**31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण**

(राशि भारतीय लाख रूपयों में, ईपीएस छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ महीने | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ महीने | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| 1 | कुल आय | 3356.85 | 48.57 | 1895.68 | 7481.88 | 5572.98 | 6,277.23 | 9335.91 | 4777.00 | 4165.32 | 24290.38 | 19001.07 | 22251.80 |
| 2 | असाधारण मदों और कर पूर्व शुद्ध लाभ | 2475.08 | (707.34) | 1308.69 | 5121.51 | 3626.31 | 3,703.74 | 7758.61 | 3711.71 | 3093.39 | 20623.38 | 15587.77 | 17731.77 |
| 3 | असाधारण मदों के बाद और कर पूर्व शुद्ध लाभ | 2475.08 | (707.34) | 1308.69 | 5121.51 | 3626.31 | 3,703.74 | 7792.65 | 3746.33 | 3098.90 | 20690.88 | 15615.34 | 17764.31 |
| 4 | कर के बाद शुद्ध लाभ | 2081.51 | (615.89) | 1115.96 | 4307.41 | 3286.80 | 3,346.11 | 6202.45 | 2862.69 | 2330.04 | 16299.90 | 12316.18 | 13992.71 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (कर के बाद) | 2409.21 | (616.89) | 1115.95 | 4633.11 | 3286.77 | 3,342.11 | 11438.29 | 1157.21 | 3191.37 | 25015.11 | 15283.83 | 16081.27 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य प्रति शेयर रूपये 5/–) | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 |
| 7 | अन्य इक्विटी | - | - | - | - | - | 27,348.67 | - | - | - | - | - | 146737.74 |
| 8 | प्रति शेयर आय(अंकित मूल्य प्रति शेयर रूपये 5/–) | | | | | | | | | | | | |
| | – मूल (रूपये में) | 17.85 | (5.28) | 9.57 | 36.93 | 28.18 | 28.69 | 53.18 | 24.54 | 19.98 | 139.74 | 105.59 | 119.96 |
| | – परिसमाप्त (रूपये में) | 17.85 | (5.28) | 9.57 | 36.93 | 28.18 | 28.69 | 53.18 | 24.54 | 19.98 | 139.74 | 105.59 | 119.96 |

नोट्सः
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई लिमिटेड) के साथ दायर तिमाही और नौ महीनों के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 13 फरवरी, 2026

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्ता/–
(एस सी जैन)
कार्यकारी निदेशक
डीआईएनः 00092079




### देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में बोले सीडीएस, समझौते से दोनों देशों के बीच से गायब हो गई हिमालय की सुरक्षा दीवार

# लद्दाख में हुए एलएसी विवाद की जड़ में छिपा है पंडित नेहरू का पंचशील समझौता: जनरल चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अभी भारतीय सेना के एक पूर्व प्रमुख की किताब 'द डेस्टिनी ऑफ स्टार' को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच जारी तनातनी का सिलसिला पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुआ था कि अब भारत और चीन संबंधों से जुड़ा एक अन्य संवेदनशील मामला मीडिया की सुर्खियों में आ गया है। लेकिन इस बार किसी पूर्व सैन्य अधिकारी ने इसका उल्लेख नहीं किया है। बल्कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की तरफ से मामले पर एक बयान दिया गया है। जिसका सार यह है कि देश की आजादी के कुछ सालों बाद यानी 1954 में पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा चीन के साथ किए गए पंचशील समझौते का खामियाजा भारत आज तक (पूर्वी लद्दाख में हुए एलएसी विवाद के संदर्भ में) भुगत रहा है। समझौते से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद हल नहीं हुआ है। यह जानकारी उन्होंने शुक्रवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित किए गए 'भारत हिमालयन स्ट्रैटेजिक फोरम' नामक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी है।

## चीन की बदनीयती को भली-भांति पहचानने में भूल कर गए नेहरू

### नहीं पहचान पाए चीन की कुटिल मंशा



उन्होंने कहा, पंडित नेहरू ने चीन की कुटिल मंशा को भांपने में भूल की। समझौते के पीछे भारत की सोच तो यही थी कि इससे चीन के साथ उत्तरी सीमा के मसले को औपचारिक रूप से हल कर लिया जाएगा और सीमा पर शांति और स्थिरता भी आएगी। भारत अपने पड़ोसी देश के साथ अच्छे संबंधों को बनाए रखने के भी पक्ष में था। लेकिन उन्हें चीन के नापाक इरादों का बिलकुल भी अंदाजा नहीं था। समझौते के तुरंत बाद चीन ने भारत को ये स्पष्ट कर दिया था कि इसे वह केवल एक व्यापार समझौते के रूप में ही मान्यता देता है। सीमा पर उसके रुख से इसका कोई लेना देना नहीं है। तथ्य के साथ यह साफ हो जाता है कि भारत की चीन के साथ सीमाई विवाद को हल करने को लेकर लगाए गए एक कूटनीतिक अनुमान का दुष्परिणाम देश आज तक भुगत रहा है।

### यूं चुना गया पंचशील का मार्ग

सीडीएस ने बताया कि 1947 में देश की आजादी के बाद जब अंग्रेज भारत को छोड़कर चले गए थे। तब हमें भी अपनी सीमाओं का निर्धारण स्वयं ही करना था। नेहरू भलीभांति जानते थे कि हमारे पूर्व में ब्रिटिश काल में बनाई गई करीब 800 किलोमीटर से कुछ अधिक लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा यानी मैकमोहन लाइन थी। जबकि लेह-लद्दाख में भारत के अपने दावे मौजूद थे। इसलिए उन्होंने चीन के साथ सीमा को स्थिर करने के लिए पंचशील समझौता करने का रास्ता चुना। वहीं, दूसरी ओर चीन द्वारा तिब्बत पर किए गए कब्जे के साथ ही भारत और चीन के बीच हिमालय के रूप में मौजूद बफर (सुरक्षा दीवार) पूरी तरह से गायब हो गई थी। इसी के साथ दोनों देशों के बीच सीमाओं पर विवाद का सिलसिला शुरू हुआ।

### चीन की नजर में मुक्त हुआ तिब्बत

जनरल चौहान ने बताया कि चीन ने तिब्बत पर कब्जे को एक प्रकार से उसकी मुक्ति के साथ जोड़ा था। जिसके बाद उसने ल्हासा और शिनजियांग में अपनी सेनाओं की तैनात की। इलाके की भौगोलिक जटिलताओं की वजह से ड्रैगन भी इलाके में शीघ्र अति शीघ्र स्थिरता बहाली के पक्ष में था। भारत पहले ही पंचशील समझौते की मदद से इस दिशा में आगे बढ़ रहा था और उसने स्वतः ही ये मान लिया था कि समझौते में जिन 6 व्यापारिक दर्रों को मान्यता दी गई है। उसी से सीमा का निर्धारण हो गया है। लेकिन वो चीन ही था जिसने कहा कि समझौते का सीमा से कोई संबंध नहीं है।

### बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान होंगे बांग्लादेश के नए पीएम

# बांग्लादेशियों ने जमात और जेन-जी को नकारा बीएनपी आने से भारतीय संबंधों को मिला सहारा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी और उसके गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का पीएम बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है।

बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष पीएम बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद पीएम बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही पीएम बनती रहीं।

2024 आम चुनाव की तुलना में करीब 17% वोटिंग ज्यादा हुई

जमात और छात्रों की पार्टी को बांग्लादेशियों ने नकारा

### 4 साल की उम्र में गए थे जेल



तारिक रहमान



बांग्लादेश की संसद

*तारिक रहमान बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान के बेटे हैं। तारिक रहमान का जन्म 20 नवंबर 1965 को ढाका में हुआ।1971 में बांग्लादेश की आजादी की जंग के दौरान तारिक महज चार साल के थे और उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में भी रखा गया था। यही वजह है कि उनकी पार्टी बीएनपी उन्हें 'युद्ध के सबसे कम उम्र के बंदियों में शामिल' बताकर सम्मानित करती है। पिता जिया-उर-रहमान बीएनपी के संस्थापक और पूर्व राष्ट्रपति थे। जबकि उनकी मां खालिदा जिया 3 बार देश की पीएम रहीं। तारिक को बचपन से ही राजनीति में रुचि थी। 1991 में तारिक ने अपनी मां खालिदा जिया को पीएम बनाने में अहम भूमिका निभाई। तारिक रहमान जेल, यातनाएं और राजनीतिक साजिशों के शिकार भी हुए हैं और 17 साल का निर्वासन भी झेला है। तारिक 17 सालों तक लंदन में रहे, तारिक रहमान देश से भले दूर थे, लेकिन राजनीति से जुड़े रहे। वह वीडियो कॉल, सोशल मीडिया और डिजिटल सभाओं के जरिए अपने पार्टी का नेतृत्व करते रहे।*

### ममता ने भाई कहकर बधाई दी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि बांग्लादेश के मेरे सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई। आप सभी को अग्रिम रमजान मुबारक। इस बड़ी जीत के लिए मेरे तारिक भाई, उनकी पार्टी और सभी दलों को शुभकामनाएं।

### रिश्ते मजबूत होंगे बीएनपी नेता

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि तारिक रहमान की लीडरशिप में भारत-बांग्लादेश रिश्ते और मजबूत होंगे।

### बांग्लादेश चुनाव में 59% मतदान

बांग्लादेश आम चुनाव में कुल 59.44% मतदान हुआ। यह जानकारी बांग्लादेश चुनाव आयोग ने दी है। चुनाव आयोग के जनसंपर्क विभाग के निदेशक मोहम्मद रूहुल अमीन मलिक ने शुक्रवार सुबह 11:30 बजे ये आंकड़ा बताया। 2024 आम चुनाव में 41.8% मतदान हुआ था यानी इस बार करीब 17% वोटिंग ज्यादा हुई।

नया नेतृत्व, नए अवसर

### भारत के लिए तारिक की जीत के मायने

- बांग्लादेश में बीएनपी की जीत से नए नेतृत्व के साथ भारत के द्विपक्षीय रिश्तों को फिर से तय करने का मौका मिलेगा। इस जीत ने दिखाया कि बांग्लादेश के लोग अपने लोकप्रिय नेताओं में विश्वास रखते हैं और भारत लोकतंत्र, विकास और सहयोग को सम्मान देता रहेगा।
- **स्थिर राजनीतिक माहौल:** स्थिर सरकार बनने से भारतबांग्लादेश संबंधों में भरोसे का माहौल बनेगा।
- **सीमापार सहयोग को बढ़ावा:** बिजली, सड़क, रेलवे, व्यापार जैसे मुद्दों पर सहयोग आगे बढ़ सकता है।
- **भारतपड़ोसी नीति:** भारत अपनी 'पड़ोस पहले' नीति के तहत बांग्लादेश को समर्थन देगा।
- **सुरक्षा सहयोग बेहतर होगा:** सीमा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी साझेदारी क्षेत्र में नया भरोसा बन सकता है।
- **आर्थिक साझेदारी को बल:** ऊर्जा, निवेश और इंफ्रा प्रोजेक्ट में बढ़ोतरी हो सकती है।
- **क्षेत्रीय स्थिरता में योगदान:** दक्षिण एशिया में राजनीतिक संतुलन और समर्थन से क्षेत्रीय स्थिरता मजबूत होगी।
- **शिक्षा और सांस्कृतिक आदानप्रदान:** छात्रों, कलाकारों और नौजवानों के लिए द्विपक्षीय आदानप्रदान के अवसर बढ़ सकते हैं।

### पुलिस ने अलर्ट जारी कर खाली कराया पूरा परिसर

# यूपी में 19 जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की दी धमकी, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की, गहन जांच जारी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत 19 जिलों की कचहरी में बम विस्फोट करने की धमकी भरे मेल से हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही कचहरी परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया है। इस घटना के मद्देनजर पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कचहरी को वकीलों व वादकारियों से खाली कराया गया। म निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और परिसर की गहन तलाशी ली जा रही है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। धमकी भरे मेल की जांच की जा रही है कि यह किसने और क्यों भेजा है। सीजेएम ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली है। सीओ सिटी सहित काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। फिलहाल, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। सूत्रों का कहना है कि धमकी भरा मेल जिला जज की मेल आईडी पर आया था। हिंदी में लिखे गए मेल में कहा गया था कि आज दोपहर डेढ़ बजे जुम्मे के बाद कचहरी को बम से उड़ा दिया जाएगा। बच सको तो बच लो।

### वाराणसी कचहरी में पहुंची एनएसजी

वाराणसी कचहरी में एनएसजी पहुंच गई है। कचहरी के मुख्य प्वाइंट पर सर्च ऑपरेशन जारी है। काशी के एडिशनल सीपी



शिवहरी मीणा ने बताया- वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी के बाद जांच जारी थी। लगभग तीन घंटे तलाशी के बाद पूरी कचहरी का कोना-कोना खंगाला गया। तलाशी पूरी हो गई, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मेल और अन्य गतिविधियों की जांच कराई जा रही है। लखनऊ सिविल कोर्ट में वकीलों के अलावा सबकी एंट्री रोक दी गई है। यहां भी सर्च अभियान चलाया गया है। काशी में 3 हजार से अधिक वकील और 5 हजार वादकारियों ने आनन-फानन में कोर्ट छोड़ दिया।

### अयोध्या कोर्ट में सभी काम रोके

अयोध्या बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि परिसर में सभी काम रोक दिए गए हैं। न्यायालय में जो सुनवाई होनी थी, उसमें तारीख लगाने की अपील की गई है। बाकी काम सोमवार से स्थिति सामान्य होने के बाद होंगे। मेरठ जिला एवं सत्र न्यायालय को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें पहुंचीं। पूरे कोर्ट परिसर में सघन जांच की। मिर्जापुर के एसपी सिटी नितेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही चेकिंग अभियान शुरू कर जांच की।

# ट्रंप की ईरान को चेतावनी: डील नहीं तो नतीजे 'भुगतने' होंगे दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते पर चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौता जरूरी है, वरना हालात बहुत खराब हो सकते हैं। इस बीच ट्रंप ने दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा है जिससे दोनों देशों के बीच कड़वाहट और ज्यादा बढ़ गई है। ट्रंप ने दुनिया के सबसे बड़े



विमानवाहक पोत 'यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड' को कैरेबियन सागर से हटाकर मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) भेजने का आदेश दिया है। यह मिडिल ईस्ट में तैनात होने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा विमानवाहक पोत होगा। इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। ट्रंप के इस फैसले के बाद अब मध्य पूर्व के इलाके में अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत और उनके साथ चलने वाले वॉरशिप इस इलाके में पहुंच जाएंगे। ट्रंप प्रशासन इस कदम के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाना चाहता है। बता दें, यूएसएस अब्राहम लिंकन और तीन मिसाइल वाले विध्वंसक जहाज (डिस्ट्रॉयर) दो हफ्ते पहले ही मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ समझौता करना चाहता है, ताकि टकराव की स्थिति न बने। उन्होंने साफ कहा कि अगर डील नहीं हुई तो हालात बहुत दर्दनाक हो सकते हैं। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि वह तनाव नहीं चाहते।

### इजराइली राजदूत ने की पीएम मोदी की प्रशंसा

# कहा- उनकी नीतियां भारतीयों के लिए लाभकारी नए उद्योग आ रहे, यह देश तेजी से आगे बढ़ रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने एक बातचीत में पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी भारत में जिन नीतियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, वे भारतीय लोगों के लिए बहुत फायदेमंद रही हैं। यह देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के पास टिकाऊ वृद्धि है जो नए उद्योग बना रही है, नवाचार कर रही है, अकादमिक अनुसंधान कर रही है। यह हमारे लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि हम लोकतंत्र, मुक्त व्यापार, बोलने की आजादी के मूल्यों को साझा करते हैं और जितना भारत मजबूत होगा, इजराइल भी उतना ही मजबूत होगा।

### हमास को कूटनीतिक मौका देना चाहते



इजराइली राजदूत रूवेन अजार

अजार ने कहा कि हमने गाजा के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है और इस 20-पॉइंट प्लान को अपनाकर, हमास डीमिलिटराइज करने के लिए तैयार है। हम हमास को कूटनीतिक मौका देना चाहते हैं। हमारा मानना है कि हमास पर हथियार छोड़ने के लिए दबाव डालना न सिर्फ सही है, बल्कि यह एक अच्छा विकल्प भी है। क्योंकि अगर यह फेल हो जाता है तो हमें वापस सैन्य कार्रवाई का सहारा लेना होगा, जिससे हम बचना चाहते हैं।

### ईरान को बंद करने होंगे सभी प्रोजेक्ट्स

इजराइली राजदूत ने कहा कि ईरान ने जिन भी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के प्लान बनाएं हैं उन्हें खत्म करना होगा, आतंकवादी संगठनों को उनका समर्थन जो मिडिल ईस्ट के अलग-अलग हिस्सों से लगातार इजराइल पर हमला कर रहे हैं।

### 16 से 20 फरवरी तक होगा एआई शिखर सम्मेलन, 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष होंगे शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में 16 से 20 फरवरी तक इंडिया- एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके केंद्र में तीन 'पी' रहेंगे जैसे पीपल, प्लेनेट और प्रोग्रेस रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह मुद्दे भारत के एआई में सहयोग की सोच को प्रदर्शित करते हैं।

इस महत्वपूर्ण वैश्विक स्तर के आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर विश्व के कुल 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति शामिल) भाग लेंगे। इसके अलावा 45 मंत्री स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी सम्मेलन में शामिल होंगे। मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भी भागीदारी देश में देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर यह आयोजन नई दिल्ली में वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, नवाचार में लगे लोगों और विशेषज्ञों के जमावड़े के रूप में सबके सामने आएगा। विदेशी राष्ट्राध्यक्षों में फ्रांस, यूएई, स्पेन, श्रीलंका समेत अन्य देश शामिल हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109